व्यवहार घर का शुभ कलश है और इंसानियत घरकी तिजोरी।।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 261-● जबलपुर ● सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

## कांग्रेस के सदस्यता फार्म में बदलाव, अब..

# आलोचना न करने की शपथ जरूरी

## जी-23 नेताओं से सावधान हुई पार्टी, सोनिया गांधी ने फिर दिखाए तेवर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक मंचों से अपनी ही पार्टी की आलोचना करने वाले जी-23 नेताओं से कांग्रेस सावधान हो गई है। पार्टी की ओर से एक नवंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर मेंबरशिप फॉर्म में कई बदलाव किए गए हैं। इसके तहत पार्टी ने दस बिंदुओं का उल्लेख किया है, जिसमें एक शर्त यह भी है कि सदस्यता लेने वाले व्यक्ति को यह हलफनामा देना होगा कि वह पार्टी की नीतियों व निर्णयों की आलोचना सार्वजनिक तौर पर नहीं करेगा। इसके अलावा यह शर्त भी रखी गई है कि सदस्यता लेने वाला कोई भी व्यक्ति कानूनी सीमा से अधिक संपत्ति नहीं रखेगा।

कांग्रेस के मेंबरशिप फॉर्म में साफ तौर पर लिखा है कि- मैं धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद व लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए सदस्यता लेता हूं। मैं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, खुले तौर पर या किसी तरह से पार्टी मंचों के अलावा, पार्टी की स्वीकृत नीतियों व कार्यक्रमों की आलोचना नहीं करूंगा।% कांग्रेस की नीतियों व फैसलों को लेकर जी-23 नेताओं ने पूर्व में अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला था। वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने तो मीडिया



से बातचीत के दौरान यहां तक कह दिया था कि पार्टी में निर्णय कौन ले रहा है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। पार्टी का अध्यक्ष कौन है यह ही नहीं पता है। हमारी पार्टी में कोई अध्यक्ष नहीं है। इसके अलावा गुलाम नबी आजाद ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कांग्रेस कार्यसमिति की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की थी। उन्होंने अध्यक्ष के चुनाव की भी मांग की थी। इसके अलावा कांग्रेस में युवा बनाम बुजुर्ग नेताओं की लड़ाई भी कई बार सार्वजनिक तौर पर सामने आ चुकी है।

### सोनिया गांधी ने दिया था करारा जवाब

सार्वजनिक मंचों पर अपनी ही पार्टी की आलोचना और किरकिरी के बाद सोनिया गांधी ने अपने तेवर जी-23 नेताओं को दिखाए थे। उन्होंने सीधे नाम न लेते हुए जी-23 नेताओं को फटकार लगाई थी और अध्यक्ष की मांग पर साफ कहा था कि मैं ही कांग्रेस की अध्यक्ष हूं और फैसले भी मैं ही ले रही हूं। उन्होंने यहां तक भी कह दिया था कि कुछ भी कहने के लिए मीडिया के सहारे की जरूरत नहीं है।



## यूपी में खूब चली भ्रष्टाचार की साइकिल

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सपा पर कसा तंज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सिद्धार्थनगर और वाराणसी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने सिद्धार्थनगर में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने आर्ट गैलरी का निरीक्षण किया। पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए सीएम योगी की तारीफ की। इसके बाद समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। पीएम मोदी यहां से वाराणसी के लिए रवाना हो गए हैं। करीब डेढ़ घंटे के वाराणसी दौरे में पीएम मोदी वाराणसी की पांच हजार 190 करोड़ रुपये की 28 विकास परियोजनाएं जनता को समर्पित करेंगे। इस दौरान देश की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए 65 हजार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना का भी शुभारंभ करेंगे।

## फटाफट खबरें



### चारपाई से टकराया हाइटेंशन तार, तीन लोगों की मौत

**भिंड।** भिंड के ऊमरी थाना क्षेत्र अमन का पुरा और कोक सिंह के पुरा के बीच रास्ते में बैलगाड़ी में रखी लोहे की चारपाई हाइटेंशन लाइन से टच होने की वजह से बैलगाड़ी में सवार पति-पत्नी और बेटी की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक की मां और मामा का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पति के लिए रखा करवाचौथ का व्रत, फिर किया पुलिस के हवाले

**नई दिल्ली।** करवा चौथ के दिन अपने पति की सलामती की दुआ करते हुए एक महिला ने उसे कानून के हवाले कर दिया। महिला के पति पर दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में अपनी चाची की हत्या और चचेरी बहन की हत्या का प्रयास का मामला दर्ज है। शाम को पति के घर आने पर महिला ने पुलिस को फोन कर उसके आने की सूचना दी। इलाके में गश्त कर रहे द्वारका जिला के पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी खुद मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक आरोपी के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल पिस्टल बरामद कर ली गई है।

### हनुमान मंदिर पर काला झंडा लगाए जाने का प्रयास

**सागर।** रविवार रात 11 बजे के बाद शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले तीन बत्ती पर बने हनुमान मंदिर पर सामुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा काले कपड़े का झंडा लगाए जाने के प्रयास से यह स्थिति बनी। मंदिर में काले कपड़े का झंडा लगाए जाने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और इस तरह का काम करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। देखते ही देखते यहां हजारों की संख्या में लोग जमा हो गए। खबर लगते ही पुलिस भी हरकत में आई। इसके बाद एएसपी विक्रम सिंह कुशवाहा सहित सात थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर डटे रहे।






### बीजापुर-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़, तीन नक्सलियों के शव बरामद

**बीजापुर।** तेलंगाना और बीजापुर सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ सोमवार को हुई। इस मुठभेड़ में मारे गए तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ मुलुगु जिले और बीजापुर की सीमा पर हुई है। वहीं घटनास्थल से एसएलआर और एके-47 राइफल बरामद किया गया है। खबर लिखे जाने तक फिलहाल इलाके की सर्चिंग की जा रही है। जानकारी के मुताबिक तेलंगाना पुलिस औ तेलंगाना ग्रे हाउंड्स ने कार्रवाई करते हुए नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। बीजापुर के तारलागुड़ा तेलंगाना सीमा का मामला है। मुठभेड़ में मारे गए तीन में से दो नक्सलियों की पहचान हो गई है।

## भोपाल में आश्रम-3 की शूटिंग चल रही

## वेब सीरीज पर बवाल: गृहमंत्री बोले

# आश्रम नाम क्यों रखा

**भोपाल।** भोपाल में आश्रम-3 वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि इसका नाम आश्रम ही क्यों रखा गया। जिन्होंने कल गलती की है उन पर कार्रवाई हो रही है। लेकिन प्रकाश झा पर क्या कार्रवाई की जाए? गृहमंत्री ने सीरीज का नाम बदलने की भी बात कही। शूटिंग के लिए अब स्थानीय गाइडलाइन जारी होगा। उधर भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वेब सीरीज को हम देखेंगे कोई विषय होगा तो उसको प्रतिबंधित करेंगे। वेब सीरीज को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। कल का घटनाक्रम नहीं होना था, जो भी हुआ दुर्भाग्यजनक है। मध्य प्रदेश में फिल्म शूटिंग के लिए पर्याप्त सुरक्षा, साधन, जगह उपलब्ध कराई जा रही है। भोपाल से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने ट्वीट कर कहा



कि आश्रम पर वेब सीरीज बनाने वाले क्या कभी मदरसों पर वेब सीरीज बनाने की हिम्मत रखते हैं? ईद पर जबलपुर में पुलिस पर हमला करने वाले कौन थे, राजा साहब? शांति दूत? उस दिन आपकी ट्विटर की चिड़िया क्यों नही चहकी? डाबर के विज्ञापन पर गृहमंत्री मिश्रा ने कहा कि मैं इसे बहुत गंभीर विषय मानता हूं, इसलिए क्योंकि हिंदू धर्म के धार्मिक त्योहारों को लेकर ही इस तरह की क्लिपिंग और विज्ञापन क्यों जारी किए जाते हैं। करवा चौथ पर एक लड़की दूसरी लड़की को देखकर व्रत खोल रही है। कल को दोनों लड़के फेरे लेते दिखा देंगे, यह आपत्ति है। यही भोपाल में वेब सीरीज को लेकर भी आपत्ति है, जो आश्रम वेब सीरीज की शूटिंग हो रही है। हमारी भावनाओं को आहत करने वाले दृश्य फिल्माते क्यों हो। हिम्मत है तो किसी दूसरे धर्म को लेकर दृश्य क्यों नहीं फिल्माते हो।

## रूस में 30 अक्टूबर से फिर लॉकडाउन, चीन में भी बढ़े केस

**नई दिल्ली।**

दुनिया के कई देशों में एक बार कोरोना संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। रूस, चीन और अमेरिका सहित कुछ देशों में कोरोना महामारी ने फिर भयावह रूप लेना शुरू कर दिया है। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में केस बढ़ने के बाद एक फिर लॉकडाउन लगाने का ऐलान किया गया है। शहर में रेस्तरां, कैफे और अन्य गैर-जरूरी श्रेणियों की दुकानें, प्रतिष्ठान और संस्थान 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक बंद रहेंगे। रूस में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 35,660 नए मामले सामने आए, जबकि एक दिन में 37,678 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा चिली में भी जुलाई के बाद से एक दिन में सबसे अधिक 2,056 नए मामले दर्ज किए हैं। चीन में भी फिर कोरोना



संक्रमण बढ़ने के बाद सख्तियां बढ़ा दी गई है। बीते 24 घंटों के दौरान चीन में कोरोना संक्रमण के 43 नए मामले मिले हैं। वैश्विक स्तर पर कोरोना संक्रमितों की संख्या 24.33 करोड़ पहुंच गई है, जबकि मरने वालों की संख्या 50 लाख के करीब पहुंच गई है। ब्रिटेन में डेल्टा प्लस का कहर जारी है। ब्रिटेन में बीते कुछ दिनों में डेल्टा प्लस वैरिएंट के 50 हजार से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई नीट पीजी काउंसलिंग पर रोक

### ओबीसी और ईडब्लूएस आरक्षण जरूरी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से नीट-पीजी के लिए काउंसलिंग को तब तक के लिए टालने को कहा जब तक कि वह अखिल भारतीय कोटा (एआईक्यू) में ओबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण शुरू करने के केंद्र के फैसले की वैधता का फैसला नहीं कर लेता। सुप्रीम कोर्ट ने ईडब्लूएस के लिए वार्षिक आय मानदंड के रूप में 8 लाख रुपये की सीमा तय करने के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत में याचिका दायर करने वाले नीट उम्मीदवारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की आधिकारिक सूचना के अनुसार, काउंसलिंग के पंजीकरण 25 अक्तूबर, 2021 से शुरू होने हैं।



### अनन्या से पूछताछ

**मुंबई।** अनन्या पांडे को ड्रग्स मामले में पूछताछ के लिए आज फिर समन किया है। यह तीसरी बार है जब अभिनेत्री को एनसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। अनन्या को पहली बार बीते गुरुवार को बुलाया गया था। उनसे दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। एजेंसी ने उनका लैपटॉप और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। फिर शुक्रवार को दूसरे दौर की पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया।

## एनसीबी और एनसीपी के बीच अब कागजी हुई जुबानी जंग, आरोप प्रत्यारोप

**मुंबई।** आर्यन खान क्रूज ड्रग्स मामले में मुख्य गवाह के.पी गोसावी के बॉडीगार्ड के खुलासे के बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार के साथ-साथ एनसीबी को भी घेरना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक ने जहां एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े पर फर्जी प्रमाणपत्र के जरिये नौकरी पाने के गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं शिवसेना सांसद ने संजय राउत ने एक ट्वीट करके अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। दरअसल, उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि वेट एंड वाच ट्वीट के बाद से कई अटकलें लगाई जाने लगी हैं। एनसीबी के खिलाफ कुछ बड़ा खुलासा हो




सकता है। उधर गंभीर आरोप के बाद एनसीबी के जोनल अधिकारी समीर वानखेड़े ने कोर्ट में दो हलफनामे दाखिल किए हैं। उन्होंने कहा है कि एनसीबी की जांच को भटकाने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले समीर वानखेड़े ने पुलिस कमिश्नर को भी पत्र लिखा था। समीर वानखेड़े की ओर से कोर्ट में दो हलफनामे दाखिल किए गए हैं। उन्होंने कोर्ट में कहा है कि एनसीबी की जांच को भटकाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है और मुझे धमकी दी जा रही है। मेरी बहन, मरी हुई मां के साथ पूरे परिवार को भी टारगेट किया जा रहा है।



### शाह बोले- बिना बुलेट प्रूफ सुरक्षा के मौजूद हूं

**जम्मू।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पांच अगस्त को इंटरनेट बंद नहीं करते तो कुछ लेंगे युवाओं की भड़काते और इससे कई लोगों की जान जाती है। कश्मीर के विकास में खलल डालने वाले लोग कामयाब नहीं होंगे। शाह ने कहा कि आप सब अपने दिल में से खौफ और डर निकाल दीजिए। कश्मीर की शांति और विकास की यात्रा में अब कोई खलल नहीं डाल सकता। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि बिना सुरक्षा के आपके बीच हूं।

## तेजप्रताप ने धोये पिता लालू के पैर

**पटना।** लालू प्रसाद यादव के पटना पहुंचने के बाद रविवार रात उनके बड़े बेटे तेज प्रताप धरने पर बैठ गए। तेज ने आरोप लगाया कि एयरपोर्ट पर उनके साथ धक्का मुक्की की गई। वे पिता और मां राबड़ी देवी को अपने घर ले जाना चाहते थे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इस बात से नाराज होकर वे छात्र जनशक्ति परिषद के साथ घर के बाहर धरने पर बैठ गए। पुत्र के बगावती तेवर देख रात में आरजेडी प्रमुख अपनी पत्नी के साथ तेज प्रताप के घर पहुंचे। तब जाकर



तेज की नाराजगी कम हुई। घर आने के बाद तेज ने पिता के पैर धोएं। फिर लालू प्रसाद और राबड़ी देवी वापस चले गए। तेज प्रताप ने कहा कि तेजस्वी को समझना चाहिए मेरे भी पिता पटना आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने पार्टी को तबाह कर दिया है। अगर ऐसा ही रहा तो मेरा अर्जुन गद्दी पर बैठ नहीं पाएगा। तेज प्रताप यादव ने पार्टी के कुछ लोगों पर निशाना साधा।

## WHO की चेतावनी, महामारी अभी गई नहीं

**न्यूयार्क।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ड्रॉस एडहेनॉम घेबरेयेसस ने कोरोना महामारी को लेकर एक बार फिर से चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है इसलिए सभी लोगों को अभी भी सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस संकट से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपकरणों को प्रभावी ढंग से उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महामारी तब ही समाप्त होगी जब दुनिया इसे समाप्त करना चाहेगी। यह हमारे हाथ में है। हमारे पास



वे सभी उपकरण हैं जिनकी हमें आवश्यकता है। लेकिन दुनिया ने उन उपकरणों का अच्छी तरह से उपयोग नहीं किया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, उन्होंने बर्लिन में वर्ल्ड हेल्थ समिट को संबोधित करते हुए यह बात कही।डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने त्न-20 देशों से भी आग्रह किया कि वे अपनी 40 फीसदी आबादी को कोवैक्स तंत्र और अफ्रीकी वैक्सीन अधिग्रहण ट्रस्ट में सक्रिय रूप से शामिल करें। प्रमुख ने दुनियाभर के देशों से वैक्सीनेशन की रफ्तार तेज करने की अपील की।

## पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा सवाल, विराट कोहली ने कर दी बेइज्जती

**दुबई।** टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने ऑलराउंडर प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से जीत हासिल की। भारत के खिलाफ किसी भी वर्ल्ड कप मैच (वनडे या टी-20) में यह पाकिस्तान की पहली जीत रही। इससे पहले भारत ने लगातार 12 मैच जीते हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान विराट कोहली ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान पाकिस्तान के एक पत्रकार ने ऐसा कुछ पूछ लिया, जिस पर विराट कोहली को आश्चर्य हुआ और उन्हें करारा जवाब देना पड़ा। पाकिस्तान के एक पत्रकार ने विराट कोहली से पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि गलत टीम सिलेक्शन के कारण भारत की हार हुई। पत्रकार के मुताबिक, क्या रोहित शर्मा के स्थान पर ईशान



किशन को नहीं खिलाया जाना चाहिए था? जवाब में पहले तो कोहली ने हैरानी जताई कि कोई रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी को इतने बड़े मुकाबले के लिए टीम से बाहर करने को कैसे कह सकता है। उन्होंने इसे एक साहसी सवाल करार दिया। विराट ने जवाब दिया, क्या आप वाकई रोहित शर्मा को बाहर रखना चाहते हैं? मुझे जो टीम बेस्ट लगी, मैं उसे मौका दिया है। विराट यही नहीं रुके। उन्होंने पाकिस्तान पत्रकार की बेईज्जती करते हुए यहां तक कह दिया कि यदि आप कोई विवाद खड़ा करना चाहते हैं तो मुझे पहले ही बता दें, उस हिसाब से जवाब दूं। इस दौरान कोहली ने हंसते हुए %अविश्वसीय% कहा और सिर पकड़ लिया।

### अब टीम इंडिया को चारों मैच जीतने होंगे

टी-20 विश्व कप में भारत को अपने पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया की राह मुश्किल हो गई है। अब भारतीय टीम को टूर्नामेंट में अपने बाकी बचे चारों मैच जीतने होंगे। इनमें से अगर टीम इंडिया अगर कोई मैच भी हारती है, तो सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो जाएगी। चारों मैच जीतने पर टीम इंडिया का सामना सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्टइंडीज से हो सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद भारत को अब 31 अक्तूबर को न्यूजीलैंड से, 3 नवंबर को अफगानिस्तान से, 5 नवंबर को स्कॉटलैंड से और 8 नवंबर को नामीबिया से भिड़ना है। इसमे न्यूजीलेंड से खतरा है।



# शिक्षा संकाय के सोशलॉजी, अंग्रेजी विषयों को शामिल करना भूला आरडीयू

**जबलपुर, यशभारत। करीब दो साल बाद डॉक्टोरल इस्ट्रेंस टेस्ट 30 अक्टूबर को है लेकिन इसमें शिक्षा संकाय को शामिल नहीं किया गया है। इस संकाय के लिए सीट रिक्त भी है फिर भी इनके विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं की गई है जिस वजह से सैकड़ों शोधार्थी परेशान है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा लंबे समय बाद पीएचडी को लेकर इंट्रेस परीक्षा आयोजित की जा रही है। लेकिन जिस शिक्षा संकाय में पीएचडी की सर्वाधिक मांग बनी है विश्वविद्यालय द्वारा उसे ही छोड़ दिया गया है।**

शिक्षा संकाय के अलावा अंग्रेजी, सोशलॉजी विषयों को भी जोड़ा नहीं गया है। शिक्षा संकाय में पिछले चार सालों से बड़ी संख्या में अभ्यार्थी पीएचडी करने का इंतजार कर रहे हैं।

## डीइटी परीक्षा

### शोधार्थी हो रहे परेशान

बताया जाता है पूर्व में पीएचडी के लिए आयोजित की जा रही डीइटी परीक्षा अगस्त में की जानी थी। अभ्यार्थियों की नाराजगी को देखते हुए शिक्षा संकाय के साथ कुछ अन्य विषयों को भी इसमें जोडऩे का निर्णय लिया गया। डीइटी की इंट्रेस परीक्षा को एक माह आगे बढ़ाते हुए 30 अक्टूबर कर दिया गया। लेकिन विवि प्रशासन शिक्षा संकाय सहित सोशलॉजी, अंग्रेजी विषयों को शामिल करना भूल गया। शिक्षा संकाय के लिए शोध केंद्र न होने का हवाला देते हुए विवि पिछले चार सालों से टाल रहे है। अब जब विश्वविद्यालय स्तर पर शोध केंद्र बनकर तैयार कर दिया गया है तो लेकिन शिक्षा संकाय को शामिल करने निणज्य नहीं ले सका।

### इनका कहना है

किन्ही कारणों के चलते डीइटी एग्जाम में शिक्षा संकाय के साथ कुछ विषय शामिल नहीं हो पाया है। इस पर विचार किया जा रहा है। हम कोशिश कर रहे हैं कि अगले माह शिक्षा संकाय सहित अन्य विषयों को शामिल कर आदेश जारी किया जाए।

**डॉ.ब्रजेश सिंह,**
**कुलसचिव रानी दुगाज्वती विवि**

## नया नल कनेक्शन मिलना टेढ़ी खीर



# घरों में नल लगवाने छह हजार ने किए आवेदन

## 13 फीसद को ही मिले कनेक्शन

**जबलपुर, यशभारत। नगर निगम से नया नल कनेक्शन लेना नागरिकों के लिए जंग जीतने के सामान हो गया है। क्योंकि नल कनेक्शन लेने के लिए आनलाइन आवेदन करने के महीने भर बाद भी घरों में नल कनेक्शन नहीं लग पा रहे हैं।**



### नल कनेक्शन के ये हैं हाल

- 6 हजार 223 ने किए आनलाइन आवेदन
- 853 के घरो से जुड़ पाए कनेक्शन
- 3 हजार 637 कनेक्शन अब भी लंबित
- 1 हजार 733 प्रकरण कर दिए गए रिजेक्ट

नगर निगम के जल विभाग ही जड़ता के चलते 3600 से ज्यादा नल कनेक्शन लंबित पड़े हैं। आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो नगर निगम में एक अप्रेल 2021 से 22 अक्टूबर 2021 यानी पिछले सात महीनों में छह हजार से ज्यादा आनलाइन आवेदन किए गए। लेकिन इनमें से महज 853 यानी करीब 13 फीसद के घरों में नल लग पाए हैं। बाकी आवेदन कम्प्यूटर में अब भी अटके पड़े हैं। आवेदक नगर निगम और संभागीय कायाज्लयों के चक्कर काट रहे हैं।

सुहागी में सर्वाधिक 2600 प्रकरण लंबित

नल कनेक्शन के लिए किए गए आनलाइन आवेदन कर नल कनेक्शन लेने के सर्वाधिक दो हजार 658 प्रकरण नगर निगम के सुहागी संभाग अंतर्गत लंबित है। इसके बाद 11 नंबर संभागीय कार्यालय राजागोकुलदास के तहत 126, गढ़ा संभाग के 125, अधारताल संभाग के 120 और रांझी संभागीय कायाज्लय के अंतगतज़ आने वाले नागरिकों के 109 प्रकरण धूल खा रहे हैं। प्रकरणों का निराकरण अब तक नहीं किया गया है।

### रोजाना चक्कर लगा रहे आवेदक

नल कनेक्शन के लिए आनलाइन आवेदन करने वाले रोजाना नगर निगम और संभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उनके आवेदनों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। ये आरोप भी लगाए जा रहे हैं कि जो चढ़ोत्ती चढ़ा रहा है उन्हें आसानी से कनेक्शन मिल रहे हैं।



# मदन-महल पहाड़ी पर फिर दिखने लगे कब्जे

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल संरक्षित पहाड़ी पर फिर कब्जे होने लगे। जिला प्रशासन ने लंबी लड़ाई के बाद यहां से कब्जे हटाए थे, उसी जगह पर फिर से कब्जे होने लगे हैं। आलम यह है कि पहाड़ी को संरक्षित करने के लिए लगाई गई बाड़ (फेंसिग) फांदकर उसके अंदर मकान बनाने शुरू कर दिए गए हैं। गढ़ा पुलिस थाने के पीछे से लेकर मेडिकल तक पहाड़ी पर मकान दिखाई देने लगे हैं, जिसमें लग्घी फंसाकर बिजली जलाई जा रही है और जुगाड़ के नल से पानी भरा जा रहा है।अदालत के निर्देश पर जिला प्रशासन ने संरक्षित मदनमहल की पहाड़ी से करीब 2500 अतिक्रमणकारियों को हटाया गया था। इस दौरान इन अतिक्रमणकारियों को हटाकर उनका पुर्नवास भी किया गया था। पुर्नवास के तहत इन्हें ईडब्ल्यूएस के क्वार्टर दिए गए थे। इन सभी कब्जाधारियों को बेहतर पुर्नवास के तहत छापर, जिडास के पास सहित अन्य जगहों पर मकान सहित वहां अन्य सुविधाएं भी जुटाई गई थी।

**फेंसिग फांदकर मकानों का निर्माण कार्य हो रहा**

### पुरानी निर्माण सामग्री का इस्तेमाल

अतिक्रमण हटाने के दौरान यहां पड़ी पुरानी निर्माण सामग्री के तहत ईंट का इस्तेमाल करके मकान बनाए जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि मकान बनाने में पहाड़ी से ही निकाली जाने वाली मुरम का इस्तेमाल किया जा रहा है। मौके पर मकानों का ढांचा तैयार करके उस पर शेड डाल लिया गया है।

### चोरी की बिजली का इस्तेमाल

इन जगहों पर चोरी की बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां से गुजरने वाली आर्मड केबल के जंक्शन बॉक्स में लग्घी फंसाई जा रही है। इसके काफी दूर तक पहाड़ी के उपर तक बिजली तार ले जाए गए हैं।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान छूटे नलों का उपयोग

अतिक्रमण हटाने के दौरान यहां नलों के पाइप छूट गए थे। इन पाइपों में पानी आ रहा है। जानकार कहते हैं कि यहां लोगों की सुविधा के लिए पहले सावज्जनिक नल लगाए गए थे, जिन्हें अतिक्रमण हटाते समय बंद कर दिया गया था लेकिन पुन: बसाहट होने के दौरान लोगों ने जुगाड़ से ये नल तैयार कर लिए हैं।

### गढ़ा थाने के पीछे

गढ़ा थाने के पीछे पहाड़ी की तलहटी से लेकर उपर तक मकान तैयार कर लिए गए हैं। इन मकानों तक जाने के लिए रास्ता भी तैयार कर लिया गया है। मौजूदा हालात में यहां करीब 30 मकान बना लिए गए हैं।

### मेडिकल के सामने

मेडिकल के सामने डॉक्टर्स कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर पहाड़ी पर मकान बनाए जा रहे हैं। यहां प्रशासन के द्वारा खींची गई तारों की ग्रिल के अंदर मकान बनाए जा रहे हैं। इसमें कई जगहों पर हाल ही में मकान बनाए गए हैं। मौके पर करीब 10 मकान ऐसे हैं, जो कुछ ही दिनों के भीतर बने हैं।

# छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के लिए अलग से निकलेगा महंगाई भत्ता में वृद्धि का आदेश

जबलपुर, यशभारत। कर्मचारियों को अक्टूबर के वेतन में बीस प्रतिशत के हिसाब से महंगाई भत्ता मिलेगा। सातवां वेतनमान ले रहे कर्मचारियों के लिए वित्त विभाग ने महंगाई भत्ते में वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं लेकिन छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के लिए इस बार अलग से आदेश निकाला जाएगा। हालांकि, अब तक एक साथ आदेश निकाले जाते रहे हैं।वित्त विभाग ने 21 अक्टूबर को शासकीय सेवकों तथा स्थायी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में आठ प्रतिशत की वृद्धि करने के आदेश जारी किए हैं। इसका लाभ नवंबर में मिलने वाले वेतन से मिलेगा पर छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के लिए अभी महंगाई भत्ते में वृद्धि के आदेश नहीं निकले हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि महंगाई भत्ते में वृद्धि की गणना करने के बाद एक-दो दिन में इसके भी आदेश जारी कर दिए जाएंगे।छत्तीसगढ़ सरकार ने सातवां वेतनमान प्राप्त कर्म चारियों के महंगाई भत्ते में पांच प्रतिशत की वृद्धि की है। जबकि, छठवां वेतनमान प्राप्त कमज्चारियों के लिए यह वृद्धि दस प्रतिशत हुई है। इन्हें 164 प्रतिशत महंगाई भत्ता एक जुलाई 2021 से मिलेगा। इसी अनुपात में प्रदेश के छठवां वेतनमान प्राप्त कमज्चारियों का महंगाई भत्ता बढ़ेगा।उधर, पेंशनर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि पेंशनर की महंगाई राहत बढ़ाई जाए। छत्तीसगढ़ सरकार पांच प्रतिशत महंगाई राहत में सहमति के लिए पत्र भेज चुकी है। इसके आधार पर निर्णय लिया जाए। साथ ही राज्य पुनगज़्ठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित किया जाए। इससे महंगाई राहत बढ़ाने के लिए दोनों राज्यों की सहमति की आवश्यकता नहीं रहेगी।








## अमृत महोत्सव

जबलपुर। आजादी के अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के परिपेक्ष्य में पुलिस की मोटरसाइकिल रैली राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने आज विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए जबलपुर पहुंची। जिनका स्वागत स्वागत किया गया। इस दौरान रैली में शामिल पुलिस जवानों ने राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह बलिदान स्थल का भ्रमण किया। रैली में शामिल 42 जवान 31 अक्टूबर को वापस भोपाल पहुंचेंगे।

# थैलेसीमिया पीड़ितों का जीवन बचाने किया रक्तदान

**जबलपुर।** केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ जबलपुर संभाग द्वारा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक जीसीएफ जबलपुर में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर हम हैं न फाउण्डेशन के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम के द्वारा आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों के द्वारा रक्तदान किया गया। इस मौके पर सभी को रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया गया। एकत्रित किया गया करीब एक दर्जन से अधिक ब्लड थैलेसीमिया, सिकिलसेल व अन्य बीमारियों से पीड़ितों के काम आएगा।इस मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग के ताजुद्दीन शेक, अरविंद सिंह ठाकुर प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय

## केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

क्रमांक एक जीसीएफ, ,निशामा सिंह प्रधान अध्यापिका केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 जीसीएफ जबलपुर, सचिन उपाध्याय अध्यक्ष केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ जबलपुर, निमिष श्रीवास्तव सचिव, केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ जबलपुर एवं सुरेंद्र दाहिया सचिव आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ जबलपुर की गरिमामयी उपस्थिति में रक्तदान सम्पन्न हुआ।

### की गई हर तीन माह में रक्तदान करने की अपील

कार्यक्रम के दौरान हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा सभी को रक्तदान करने के फायदों से अवगत करवाते हुए हर तीन माह में रक्तदान करने की अपील की गई और बताया गया कि रक्तदान करने से व्यक्ति किसी का जीवन बचाता है और खुद के स्वास्थ्य के संबंध की जांच रक्तदान के पूर्व हो जाती है।

## सुहागनों ने मनाया करवा चौथ



# चाँद को देखकर निर्जला व्रत का किया समापन

जबलपुर, यशभारत। जिलेभर में करवा चौथ का पर्व मनाया गया पति की लंबी आयु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा गया। हिंदू धर्म में इसका काफी महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं ने 16 श्रृंगार किया। आज 24 अक्टूबर दिन रविवार को बेहद शुभ योग बना। करवा चौथ के दिन इस बार रोहिणी नक्षत्र में चंद्रमा का पूजन किया गया यह संयोग पूरे 5 साल बाद बना है। करवा चौथ के पूजन के दौरान कुछ खास बातों का ध्?यान भी रखा गया। इससे व्रत का पूर्ण फल प्राप्?त होगा। करवा चौथ के व्रत में भगवान शंकर, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और चंद्र देव की पूजा-अर्चना हुई। इस दिन एक तांबे या मिट्टी के बरतन में चावल, उड़द की दाल भरकर सिंदूर, चूड़ी, शीशा व अन्?य सुहाग का सामान किसी बुजुर्ग सुहागिन महिला या अपनी सास को देने से पुण्?य एवं सौभाग्?य की प्राप्ति होती है। इस दिन घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना चाहिए।चांद दिखने के बाद महिलाओं ने करवा चौथ के व्रत का समापन कर दिया है। चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने पति का चेहरा छलनी में देखा और पूजन के साथ व्रत संपन्न किया।जिले भर में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर करवा चौथ व्रत में विधि विधान से पूजा पाठ कर चाँद को देखकर व्रत का समापन किया।करवा चौथ व्रत पर पूरे दिन उपवास के साथ शाम को पूजन सामग्री छलनी ,करवा, लाल चुनरी एवं चूड़ियां की खरीदारी में नगर के बस स्टैंड, शंकर मढ़िया एवं पुलिस चौकी के सामने महिलाएं के द्वारा खरीदारी की गई वही सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाओं की कुछ दिनों के पूर्व से ही व्रत को लेकर तैयारियां के चलते भीड़ मुख्य बाजार स्थित दुकानों पर रहने लगी थी ।

## डॉग हाऊस की व्यवस्थाएं चरमराई

# बधियाकरण वाले डॉगों का कॉलोनियों में बसेरा

**जबलपुर यशभारत।** नगर निगम के द्वारा कठौंदा में बनाए गए डॉग हाउस की व्यवस्थाओं ने दम तोड़ दिया है। केन्द्र में स्ट्रीट डॉग को लाया जाता है, जहां बधियाकरण के बाद उसे आसपास ही छोड़ दिया जा रहा है। इससे यह हो रहा है कि अपना स्थान छोडऩे के बाद डॉग भटक रहे हैं और कॉलोनियों में इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि ये डॉग आक्रमक भी हो रहे हैं, जिनसे खतरा पैदा हो गया है। जिम्मेदारों की दलील है कि बड़ा सेटअप नहीं होने की वजह से जितनी नसबंदी की जा रही है, उससे की ज्यादा इनकी जनसंख्या बढ़ जाती है।

शहर में आवारा घूमने वाले डॉग की संख्या पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से नगर निगम के द्वारा उनकी नसबंदी की जा रही है। इसके तहत डॉग हाउस में शहर भर से सडक़ पर घूमने वाले कुत्तों को लाया जाता है। केन्द्र में बधियाकरण के बाद उन्हें उसी स्थान पर छोड़ा जाना चाहिए लेकिन यहां यह हो रहा है कि बधियाकरण के बाद उन्हें हाउस से बाहर निकाल दिया जाता है। कुछ



डॉग उसी परिसर में घूमते रहते हैं।

### कम्पांउडर कर रहे ऑपरेशन

जानकारों का कहना है कि डॉग हाउस में सजज़्री मौजूद कम्पाउंडर कर रहे हैं, यहां डॉक्टर सिफज़् मौजूद रहते हैं।

### ये है नियम

- डॉग हाउस में बधियाकरण के बाद चार डॉग को रखना।
- ऑपरेशन के बाद डॉग को पोस्ट केयर ट्रीटमेंट।
- डॉग को उनकी पकड़ी जाने वाली जगह पर छोडऩा।
- चार दिन तक डॉग को प्रिक्शनली भोजन देना।

गौरतलब है कि केन्द्र के शुरूआत में डॉक्टर मौजूद थे लेकिन कोरोना काल में डॉक्टर नहीं थे, उसके बाद यहां पुन: डॉक्टर आए हैं।

### परिसर में घूमते हैं डॉग

डॉग रखने की जगह नहीं होने की वजह से वे केन्द्र के परिसर में घूमते रहते हैं। हाल ही में यह देखने आया कि परिसर में दो-तीन कुत्ते घूम रहे थे, जो गेट के नीचे से निकलने के प्रयास में थे। इन कुत्तों की गदज़्न गेट में फंस गई थी, जहां कुछ लोगों ने मदद करके उनकी गदज़्न निकलवाई और उन्हें गेट के अंदर किया।

### सुबह के बाद लग जाता है ताला

यह केन्द्र केवल सुबह के समय ही खुलता है। शेष समय में यहां ताला लगा रहता है। जानकार कहते हैं कि एकांत में केन्द्र होने की वजह से यहां कोई देखने नहीं आता है कि डॉग को भोजन-पानी मिल रहा है कि नहीं।

### 18 सर्जरी का दावा

निगम के जिम्मेदारों का कहना है कि प्रतिदिन करीब 18 सर्जरी की जा रही है। सर्जरी के बाद इन डॉग को रखा जाता है और उसके बाद उन्हें चार दिन बाद उनकी जगह पर छोड़ा जा रहा है।

## रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित केपीआई में पश्चिम मध्य को प्रथम स्थान




**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल पर वार्षिक रिपोर्ट के दौरान द्वितीय त्रैमासिक आंकलन के साथ केपीआई (की परफॉर्मेंस इंडिकेटर) में जुलाई, अगस्त एवं सितंबर अवधि के दौरान की गई विभिन्न कार्यों में रेल राजस्व के मदों का आंकलन किया जाता है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट के द्वितीय त्रैमासिक (माह जुलाई 2021से सितंबर 2021 तक) आंकलन के साथ केपीआई रिपोर्ट के अंतगर्त पुरे भारतीय रेलवे में शीर्ष स्थान पर है। रेलवे बोर्ड द्वारा केपीआई रिपोर्ट के अंतर्गत विभिन्न परफॉर्मेंस का इवैल्यूएशन का पैरामीटर निर्धारित रहता है। इस प्रदर्शन में पश्चिम मध्य रेल अपने सभी पैरामीटर के आंकलन में बेहतर प्रदर्शन करके भारतीय रेलवे में अव्वल रहा है। पमरे द्वारा विभिन्न कार्यो के आंकलन पर बेहतर प्रदर्शन किया गया है।

## डीआरएम को ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।** रेलवे कांट्रैक्टर एसईसीएल द्वारा आज डीआरएम ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोफे का ज्ञापन में दर्शाया गया कि बढ़ रहे लोहा सीमेंट की कीमत के संबंध में 50 लाख प्राइस वेरिएशन क्लास लागू हो एवं अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया इस मौके पर रेलवे कांट्रैक्टर एसोसिएशन के अनेकों सदस्य मौजूद रहे।

## सड़कों पर चलना है तो चश्मा जरूर लगा लें

# धूल-गड्ढे और जाम से आम परेशान, सालों से चल रहे हैं काम कब पूरे होंगे पता नहीं

**जबलपुर यशभारत। शहर की सड़कों पर आप दोपहिया या चारपहिया वाहन से निकलें। पैदल चलें या सार्वजनिक परिवहन के साधनों का सहारा लें। घर से निकलते ही आप कहने को मजबूर हो जाएंगे कि कहां फंस गए? पैदल निकलें हैं, तो फुटपाथ पर जगह नहीं मिलेगी। बस से हैं तो जाम में फंसेंगे। ऑटो से हैं तो धूल- धक्के खाएंगे। कार से हैं तो धूल से बच जाएंगे। लेकिन, गड्ढे में हादसे के शिकार होने और जाम में फंसने की पूरी गारंटी रहेगी। दोपहिया वाहन से हैं, तो मानो समस्याओं का पहाड़ ही आपके सामने होगा।**

मसलन, रानीताल चौराहे से बल्देव बाग की ओर बढ़ें। एमआरफोर रोड पर चले जाएं। मदन महल से मेडिकल का रुख कर लें। रददीचौकी से अधारताल, महराजपुर की ओर चले जाएं। कुछ जगह तो इतनी धूल आपकी सांसों में समाएगी कि सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। चश्मा नहीं लगाए हैं, तो आंख बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा। धूल से निकले, तो कब कचरे से भरा वाहन आपके बगल से निकल जाएगा, पता नहीं। कचरा वाहन ओवरलोड रहता है। उसे ढंकने का तो रिवाज ही निगम के जिम्मेदारों ने भुला दिया है। कचरे से भी बचकर निकले, तो जाम में फंसना ही है। धूल-गड्ढा-कचरा-जाम का सामने करने वालों की हालत देखकर कोई भी कह देगा कि शहर के जिम्मेदारों ने आम लोगों से दुश्मनी निकालने का मानो ठेका ही ले रखा है।

### सड़क पर गिरता है खतरनाक कचरा

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कचरे के ढेर लगे ही हैं। यह समस्या तो है ही, कचरे का परिवहन भी इस तरह से किया जा रहा कि साफ-सुथरी सड़कों पर बीमार करने वाला खतरनाक कचरा फैल रहा है। विभिन्न क्षेत्रों से कचरे का परिवहन निगम के टिपर वाहन के अलावा टॉले और ट्रैक्टर टॉली से भी किया जाता है। खासकर बड़े वाहनों से परिवहन करते समय कचरे को ढंका नहीं जाता। ओवरलोड वाहनों से कचरे से खतरनाक तत्व हवा में उड़ते हैं। इसके अलावा राह चलते वाहन चालकों पर पर भी कचरा गिरना आम बात है। जानकारों का कहना है कि इस तरह कचरे का परिवहन खतरनाक है। क्योंकि, इस कचरे से खतरनाक केमिकल हवा में मिलते हैं। साथ में सड़कों पर भी गंदगी फैलती है।



### आखिर यहां हो क्या रहा?

नौदरा ब्रिज इलाके में राजीव गांधी की प्रतिमा के ठीक पीछे महीनों से कुछ न कुछ काम चलता ही रहता है। लोग अब तो पूछने लगे हैं कि आखिर यहां हो क्या हो रहा है? गहरा गड्ढा करके उसे पाटा जाता है। कुछ दिन बाद फिर से गड्ढा कर दिया जाता है। नौदरा ब्रिज से करमचंद चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर भी निर्माण कार्य के कारण यातायात का दबाव बढ़ गया है। रानीताल चौक से यातायात थाने की ओर जाने वाले मार्ग पर दिनभर वाहनों की कतार लगती है। रसल चौक से नौदरा ब्रिज जाने वाले मार्ग पर सीवर लाइन के लिए लम्बे समय से गड्ढा किया गया है। यहां धूल ने चलना मुश्किल कर दिया है। काम कब पूरा होगा, पता नहीं। नौदरा ब्रिज का कुएं जैसा गड्ढा लोगों को देखने के लिए बाध्य करने लगा था। बीच चौराहे पर बड़ी-बड़ी मशीनें खड़ी हो जाने से दिन भर जाम के हालात पूरे सप्ताह बने रहे। राइटटाउन इलाके में एक गहरा गड्ढा महीनों से छोड़ दिया गया है। लोग उधर से गुजरते हैं, तो पूछने को मजबूर हो जाते हैं कि जब यहां आगे का काम करना ही नहीं था, तो इतना गहरा गड्ढा क्या हादसों के लिए छोड़ दिया गया है।



### बिना चश्में के निकले हैं, तो आंखें बद करनी पड़ेंगी

महीनों से शहर के कई स्थान धूल के 'ज्वालामुखी बन गए हैं। ज्वालामुखी लावा उगलते हैं, उसी तरह यहां के कई स्थान धूल उगलते हैं। दमोहनाका के पास, रानीताल चौराहे से होते हुए बल्देवबाग के पास, यादव कॉलोनी में, मदन महल के दशमेश द्वार के पास दोपहिया वाहन से निकलना है, तो चश्मा जरूर लगा लें। अच्छा है कि कोरोना के चलते लोग मास्क लगा रहे हैं, वरना सांस लेना भी मुश्किल रहता है। दोपहिया वाहन चालक तो सिर्फ सड़क से गुजरते समय परेशान होते हैं। वहां के दुकानदार या रहने वालों के लिए धूल 24 घंटे का सिरदर्द है। होटल वाले परेशान हैं। सब्जी वाले हलाकान हैं। ग्राहक तो मजबूर हैं ही। उन्हें खरीदारी करनी ही है। भले ही वे साथ में बीमारियां भी खरीदकर घर ले जाएं।

### जाम तो नासूर बनता जा रहा

शहर में जाम की समस्या तो नासूर बनती जा रही है। एक तो शहर के ट्रैफिक के हिसाब से सड़कों की कमी है। दूसरी तरफ ज्यादातर सड़कें संकरी हैं। चौड़ी सड़कों पर अतिक्रमण इतना है कि नाम मात्र की ही सड़कें बचती हैं। फुहारा, अंधेरदेव, गंजीपुरा, लार्डगंज रोड, पुराने बस स्टैंड के पीछे, मदन महल में दशमेश द्वार के पास, ब्लूम चौक, रसलचौक जैसे इलाके तो वर्षो से जाम से जूझ रहे हैं। दमोहनाका, दीनदयाल चौक, घंटाघर, ओमती, गोरखपुर जैसे इलाके भी जाम के लिए बदनाम हैं। अब स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। पहले चौक-चौराहों पर ही जाम लगता था। अब चौक-चौराहे तो जाम हो ही रहे हैं, सड़कों पर पर इतना ट्रैफिक होने लगा है कि वाहनों को रेंगकर चलना पड़ता है। फुटपाथ के आगे तक अतिक्रमण हो गए हैं। बची जगह में पार्किंग हो जाती है। ऐसे में नाममात्र की ही सड़कें आम यातायात के लिए बचती हैं।

# एनएएस सर्वे पर शिक्षा विभाग के अफसरों की धड़कने तेज



**जबलपुर, यशभारत।** सरकार की ओर तीन साल बाद स्कूलों में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे (एनएएस) कराया जा रहा है। इसे लेकर शिक्षा विभाग के अफसरों की धड़कनें बढने् लगी हैं। वहीं अब इस सर्वे में प्राइवेट स्कूलों को भी शामिल कर लिया गया है। अब सरकारी और प्राइवेट सभी स्कूलों में औचक परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता का स्तर परखा जाएगा। जिले में करीब 1.25 लाख छात्र इन कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। कोरोना काल के दौरान बच्चों की छूटी पढ़ाई और कोर्स पूरा कराने को लेकर स्कूलों का अमला पहले ही परेशान है। सर्वे में कक्षा-3, कक्षा-5 कक्षा-8 और कक्षा-10 के कितने स्कूलों को शामिल किया जाएगा, यह स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। परीक्षा के दौरान ही इस पर निर्णय होगा कि कितने स्कूलों को रेंडम के आधार पर चुना जाएगा।

**सरकारी के साथ निजी स्कूलों को किया गया शामिल**

### मॉक टेस्ट से शुरू हुई तैयारी

12 नवंबर को जिले के स्कूलों में सर्वे होगा। हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषयों से सम्बंधित सवाल पूछे जाएंगे। फिलहाल स्कूलों में शिक्षक मॉक टेस्ट करवाने में व्यस्त हैं। राज्य शिक्षा केंद्र से पेपर, प्रश्न बैंक आदि सामग्री अध्ययन के लिए पहुंचाई गई हैं। हाईस्कूल के लिए 3 प्रैक्टिस सेशन बनाए गए हैं। सितंबर का प्रारंभिक सेशन होने के बाद 25-30 अक्टूबर तक फाइन सेशन होगा। इसके बाद मुख्य परीक्षा होगी।

### यह होगी छात्रों की संख्या

- कक्षा तीन के 28,000 छात्र
- कक्षा पांच के 35,000 छात्र
- कक्षा आठ के 42,000 छात्र
- कक्षा 10 के 24,000 छात्र

### इतने स्कूल शामिल

- 652 सरकारी स्कूल
- 300 प्राइवेट स्कूल
- 150 हाईस्कूल
- 2017 में हुआ था सर्वे
- 16वें नंबर पर था जिला
- 17वें नंबर पर था प्रदेश

### क्या है एनएएस

आरटीई एक्ट 2009 के अंतर्गत 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार प्रदान किया गया है। प्रत्येक कक्षा स्तर पर बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि को जानना आवश्यक है। इस हेतु नियमित अंतराल पर राष्ट्रीय स्तर पर दक्षता आधारित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेका आयोजन होता है। इसके पहले नवंबर 2017 में यह आयोजन हुआ था।

### इनका कहना है

एनएएस में अब निजी स्कूलों को भी शामिल किया गया है। जिले में मॉक टेस्ट के माध्यम से आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है। रेंडम के आधार पर स्कूलों का चयन किया जाएगा।

**डॉ. आरपी चतुवेदज़ी, जिला परियोजना समन्वयक**

## कर्मचारियों की दरकार पदनाम- पदोन्नति दे सरकार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष जारी है जहां एक तरफ कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर निरंतर मांग करते आ रहे हैं वहीं दूसरी और कर्मचारियों को पदनाम पाने की दरकार है क्योंकि यह मांग प्रदेश के कर्मचारियों की अति महत्वपूर्ण मांग है जो कि शासन को हर हाल में पूरी करना चाहिए। संघ ने बताया कि प्रदेश के हर कर्मचारी यह आस लगाए बैठे हैं कि जब तक माननीय न्यायालय में पदोन्नति का मामला विचाराधीन है तब तक सरकार द्वारा बीच का रास्ता निकाल कर कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर पदनाम दिया जाएगा । क्योंकि देखा जा रहा है कि कर्मचारी अपने विभागों में तीस पैतीस वर्ष की सेवा देने के पश्चात भी बिना पदोन्नति- पदनाम के सेवानिवृत्त हो रहे हैं यह सरासर कर्मचारियों के साथ अन्याय हैं उनकी अनदेखी है। जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है ।संघ ने बताया देखा जा रहा है की योग्यता के साथ ही लंबे समय से विभाग को सेवा देने के बाद भी 15 सूत्री मांगों में से एक सबसे महत्वपूर्ण और जायज मांग पदनाम पदोन्नति की है जो शासन द्वारा आज तक पूरी नहीं की गई है, कई बार घोषणाएं की गई और फाइलें भी इस दफ्तर से उस दफ्तर घूमती रही परंतु कर्मचारियों को पदनाम नहीं दिया गया ।जिससे प्रदेश के कर्मचारी नाखुश हैं और कर्मचारियों की एक ही मांग है कि सरकार पदनाम पदोन्नति अति शीघ्र दे। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नॉरबट ,सुनील झारिया, उमेश ठाकुर, मानसिंह आर्मो, रवि जैन ,नीरज वर्मा, अनिल सपेरा आदि ने मुख्यमंत्री महोदय से मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण मांग योग्यता के अनुसार पदनाम पूरी की जाए।

# विद्या हमारी भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है

## स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल सिलिंग शॉट की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** स्लिंगशॉट एसोसियेशन ऑफ जबलपुर के आयोजक रामकिशोर सोनी के अनुसार स्थानीय स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल , विजय नगर , जबलपुर में सिलिंग शॉट की जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रथम बार आयोजित की गई ।इस प्रतियोगिता में जबलपुर जिले के विभिन्न खिलाड़ियों ने अपने निशानेबाजी के प्रदर्शन को स्लिंगशॉट के माध्यम से अपने -अपने आयु वर्ग में अचूक / उत्कृष्ट योग्यता का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा उपस्थित जनसमूह के समक्ष सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया। जिसे देखकर अतिथिगण व जनसमूह रोमांचित हो गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथिगणों द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती की मूर्ति का पूजन अर्चन



कर माल्यार्पण किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी पं . हर्ष तिवारी ने यह कहा कि यह विद्या हमारी भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है । जिसे खिलाड़िओं द्वारा आज एक खेल के रूप में पहचान मिल रही है ।जिसे पूरे विश्व के अनेक देश के खिलाड़ीगण खेल के रूप में खेलते आये है और निशाना लगाकर अपनी एक अलग पहचान प्रस्तुत करते है ।

### स्लिगशॉट का खेल शूटिंग की तरह खेला जाता

वही दूसरी ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्टीमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में खेल के क्षेत्र में स्लिगशॉट खेल की लोकप्रियता में भारी उछाल आया है जिससे खिलाडियों ने इसे कैरियर के रूप में अपनाया जा रहा है क्योंकि स्लिगशॉट को सेना में भी हथियारों के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और आज खेल के रूप में भारत , स्पेन , इटली और चीन आदि देशों में इसकी लोकप्रियता देखते बनती है । इस अवसर पर शाला की प्राचार्या श्रीमती मनमीत कोहली ने कहा कि स्लिगशॉट का खेल शूटिंग की तरह खेला जाता है ।इसमें भी टारगेट पर निशाना लगाना होता है ।इस खेल की खासियत यह है कि बिना अधिक खर्च के भी खेल जगत में आप अपनी अलग पहचान बना सकते है । मंचासीन अतिथियों में स्कूल के चीफ एडवाईजर , श्रीमती सुप्रिया जायसवाल जी द्वारा प्रतियोगियों के उत्साहवर्धन हेतु मैडल व ट्रॉफी वितरित की ।विशिष्टि अतिथि की श्रृंखला प्रतियोगियों के उत्साहवधज्न में करन बलहारा , डॉ अनुकूल पाठक , संजय राव , कृष्ण हरि पचौरी , दीपक जैन , विवेक रंजन शुक्ला , भीष्म सिंह , सत्येन्द्र सिंह ठाकुर आदि की उपस्थित सराहनीय रही।

# नवागत अधिवक्ताओं के पंजीयन पर लगी मुहर

**जबलपुर।** नए अधिवक्ता नामांकित करने हेतु रविवार को नामांकन समिति ए की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष व नामांकन समिति के सदस्य आरके सिंह सैनी तथा कोषाध्यक्ष व नामांकन समिति की अध्यक्ष रश्मि रितु जैन द्वारा अधिवक्ताओं के हितार्थ कार्य करते हुए 367 नए अधिवक्ताओं को नामांकित किया और 5 अधिवक्ताओं का रिजम्पशन कर सनद बहाल की गई। तदुपरांत आवेदक नये अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। अध्यक्ष डॉक्टर चौधरी व श्री सैनी तथा श्रीमती जैन ने सभी ने अधिवक्ताओं को बधाई देते हुए विधि जगत में उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



**स्टेट बार कौंसिल ने 367 नए अधिवक्ता किए नामांकित और पांच नामांकन बहाल किए गए**

**आवश्यकता है**

ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।

संपर्क
श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर
मालगुजार परिसर के पहले
मो.9977112211

मिलने का समय- दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

·¤ÇÜè çÙ×æ‡æ/E¤ÜæÎàæ, ·¤ÇÜè çXÜæÙ/»‡æ çXÜæÙ, Ùæ·¤Üè/ÃØæÂæÚU, ÕæŠæ, àæÎæÙ ÕæŠæ, çßßæã ÕæŠæ/SßæS‰Ø â×SØæ°, ·¤æÙÜè çßßæÎ/ÂæÂÅè çßßæÎ,çÂÌÎæá/×»ÜÎæá/«¤‡æÎæ á ¥æçÎ ·¤ÇÜè Îæá ¥æçÎ ç·¤âè Öè ÌÚã ·¤è ÁèßÙ â ÁÇè â×SØæ¥æ ·¤ ßçÎ·¤ ’ØæçÌá â×æŠææÙ ·¤ çÜ° âÂ·¤ ·¤ÚÐ

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM

**क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक**

डॉ. शंकर हब्लानी बी.डी.एस. (इन्दौर) दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने, सतना बिल्डिंग जबलपुर।
मो.9340734722, 8989804354

विशेषतायें- रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट, फिक्स दांत- सिरेनिक, दांतो की सफाई, बत्तीसी, पायरिया इलाज, फिक्स ब्रेसेस

## भारी वाहनों का रेलवे से सुरक्षित परिवहन

**जबलपुर यश भारत।** सड़कों पर भारी निर्माण सामग्री लेकर चलने वाले सड़क परिवहन के भारी वाहन अब मालगाड़ी द्वारा जबलपुर से कन्नूर जा रहे हैं। इस तरह का परिवहन पिछले कई दिनों से जबलपुर रेल मंडल द्वारा किया जा रहा है। जबलपुर के निकट भेड़ाघाट में बनी रेलवे की नई रेल साइडिंग से इन दिनों रेल मार्ग से सड़क के सितारे स्वरूप चलने वाले भारी वाहनों को जबलपुर से विभिन्न पार्टियों द्वारा बाहर भेजने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले 3 दिनों में जबलपुर से दो माल गाड़ियों में एक निजी कंपनी के द्वारा हिरण नदी पर पुल बनाने के बाद अपनी निर्माण सामग्री को रेलवे द्वारा दक्षिण भारत को भेजी जा रही है। रेलवे द्वारा इसके पूर्व खुली वैगन से सेना के वाहनों का ही परिवहन रेल मार्ग से किया जाता था लेकिन अब निजी कंपनियों के वाहनों के कॉन्ट्रैक्ट भी रेलवे को मिलने लगा हैजिससे बड़े तथा भारी भरकम वाहन तथा क्रेन आदि अब मालगाड़ी पर लोड करके शीघ्र और सुरक्षित ढंग से कम खर्चे मे गंतव्य की ओर जा रहे हैं।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ विवाद

# एक दूसरे पर हो रही आरोपों की बौछार, जल्द होगा निराकरण

**जबलपुर यश भारत।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ विगत एक पखवाड़े से विवादों की सुर्खियों में बना हुआ है हालात यह है कि रेलवे मजदूर संघ दो गुटों में हो जाने के कारण एक दूसरे पर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ से निष्कासित अध्यक्ष डॉ आर पी भटनागर ने एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर संघ के महामंत्री पर पैसों के लेनदेन पर जहां गंभीर आरोप लगाए हैं वहीं संघ ने भी डॉक्टर भटनागर पर आरोपों की गंभीर बौछारें की है/ पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. आरपी भटनागर ने कहा कि संघ में अशोक शर्मा द्वारा रेल कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई का पैसा जो वे संघ को चंदे के रूप में इस उम्मीद में देते थे कि उस राशि का सदुपयोग होगा और मजदूर मूवमेंट में खर्च होगा, लेकिन अशोक शर्मा द्वारा इस राशि को अपनी




बपौती समझ ली गई और बंदरबांट शुरू कर दिया गया. उसने चंदे के 75 लाख रुपए से अधिक राशि को चपरासी राजाराम व दो महिला कर्मचारी सिया पचौरी व निशा के खाते में ट्रांसफर कराये और वहां से निकलवाये गये, इस वित्तीय गड़बड़ि?ों की जानकारी ली जाने लगी तो षड्यंत्र करते हुए नियम विरुद्ध अध्यक्ष पद से हटाने की कार्रवाई की गई, उनकी यह कार्रवाई नियम विरुद्ध है, वे आज भी संघ के अध्यक्ष हैं और नियमित रूप से कामकाज कर रहे हैं.

### पुलिस को दी गई जानकारियां

श्री भटनागर ने बताया कि उन्होंने मजदूर संघ के खाते में की गई वित्तीय गड़बडि?ों की शिकायत पुलिस में की है, जिसकी जांच चल रही है पत्रकार वार्ता के दौरान संघ की महिला विंग की महामंत्री सविता त्रिपाठी महामंत्री एसएन सिन्हा, अमित भटनागर मंडल सचिव प्रदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष एमके यादव, अंशु भटनागर, डीपी श्रीवास्तव सहित कई संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महासचिव सतीश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति मैं बताया कि डॉ आर पी भटनागर ने निलंबन के बाद भी मीटिंग कैसे कर ली? विज्ञप्ति में निलंबित अध्यक्ष पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रेस विज्ञप्ति में



महासचिव सतीश कुमार ने बताया कि मजदूर संघ में उनके हितों की बात प्रबंधन तक पहुंचाने, और प्रबंधन की बात एक आम मजदूरों तक पहुंचाने का काम, अक्सर उनके अध्यक्षों के माध्यम से किया जाता है। लेकिन अगर मजदूरों का भरोसा अपने अध्यक्ष से उठ जाए, और उसे निलंबित कर दिया जाए। उसके बाद मजदूर संघ मैं उसकी कार्यशैली पर विराम लग जाना चाहिए। लेकिन पश्चिम मध्य रेल मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष आर पी भटनागर और उनके पुत्र एवं निलंबित कार्यकारी अध्यक्ष अमित भटनागर पर अनियमितता के उठते सवालों के चलते, निलंबन की कार्रवाई संघ के द्वारा की गई। संघ के महासचिव सतीश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया। महासचिव सतीश कुमार ने आगे बताया कि डॉ आर पी भटनागर द्वारा अशोक शर्मा पर जो आरोप लगाए हैं वह निराधार है उन्होंने आगे बताया कि वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के द्वारा विगत 7 अक्टूबर को निलंबन की कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई की सूचना, मुख्य कार्मिक अधिकारी को भी दी गई। इसके बाद इसकी सूचना, अध्यक्ष को दे दी गई। इसके बाद पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक को भी, इसकी सूचना दी गई।

## संपादकीय

### मुख्यधारा से जुड़ें कश्मीरी युवा

विकास के पहिए को रफ्तार देने में युवा शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है क्योंकि युवावस्था ही उम्र का वह दौर होता है जब कल्पनाओं को पंख लगते हैं, नये सपने संजोये जाते हैं। उम्र का यही पड़ाव विषम परिस्थितियों से भी जूझ जाने का होता है क्योंकि युवा हिम्मती होते हैं, मेहनती होते हैं। लेकिन युवावस्था में ही दिग्भ्रमित होने की आशंका भी बनी रहती है। जरूरत होती है सही राह पकड़ने की। कश्मीर में अनेक युवाओं को भ्रमित किया गया और उन्हें झोंक दिया गया ऐसे 'नापाक' काम में, जिसकी परिणति है सिर्फ मौत। इस तरह के भटकाव में न आने की अपील करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे सरकार से हाथ मिलाएं और कश्मीर को आगे ले जाने की यात्रा में भागीदार बनें। उन्होंने कहा है कि घाटी के युवाओं को अपनी प्रगति के लिए विभिन्न प्रशासनिक अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर युवा जम्मू-कश्मीर के विकास में शामिल होंगे, तो आतंकवादी अपने नापाक मंसूबों में विफल हो जाएंगे। असल में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने के बाद पहली बार देश के गृह मंत्री यहां पहुंचे हैं। उनकी यात्रा ऐसे वक्त हुई है जब घाटी में सिलसिलेवार ढंग से आम नागरिकों को निशाना बनाया गया और उनकी हत्या की गयी। इसी संदर्भ में गृह मंत्री जहां मारे गए लोगों के परिजनों से मिले, वहीं उन्होंने सुरक्षा मामले पर हाईलेवल मीटिंग भी की। अपने दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये गृह मंत्री ने यह भी बताया कि जम्मू-कश्मीर में अब तक 12 हजार करोड़ रुपये का निवेश आ चुका है। लक्ष्य 51 हजार करोड़ रुपये तक करने का है। युवाओं से राजनीतिक गतिविधियों में भी भागीदार बनने की ओर इशारा करते हुए अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन होगा, चुनाव भी होगा और राज्य का दर्जा भी वापस मिलेगा।

ऐसा नहीं है कि जम्मू-कश्मीर का हर युवा दिग्भ्रमित है। घाटी से अनेक युवाओं ने खेलों में नाम रोशन किया है और प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल आकर प्रशासनिक सेवाओं में अपने हुनर की रोशनी बिखेरी है। कोई पुलिस में भर्ती होकर जिम्मेदारी निभा रहा है तो कोई पर्यटन को बढ़ाने में नये आइडिया के साथ काम कर रहा है। इन सबके मिले-जुले प्रयास से जम्मू-कश्मीर के विकास को रफ्तार मिली है। यही रफ्तार अमन के दुश्मनों को खटकने लगती है और वे अपने 'नापाक' मंसूबों के साथ युवाओं को बरगलाने के अभियान में लग जाते हैं। युवाओं को समझना होगा कि अपराध का रास्ता बहुत छोटा होता है। उस रास्ते पर चलकर न तो सुकून मिलता है और न ही चैन। इसलिए घाटी के युवाओं को बात समझनी चाहिए और राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़कर अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाते हुए विकास के पथ पर चलना चाहिए ताकि उनका और उनकी अगली पीढ़ी का भविष्य बेहतरीन हो।

# इस दिवाली दें अपने घर को प्रकृति की सुरक्षा



### बढते प्रदूषण के कारण वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए लोग आक्सीजन उत्सर्जन करने वाले पेड - पौधों की मांग बढी।

जैसे-जैसे लोग पर्यावरण के प्रति अधिक सचेत हो रहे हैं, लोगों की प्राथमिकता स्वास्थ्य को लेकर अधिक हो रही है। इस फेस्टिवल सीजन में बेहतरीन उपहार के साथ खुशियाँ मनाने का समय है क्योंकि महामारी के बाद यह समय अपनों से मिलने का और खुस के लिए खुशियाँ मनाने का व?्त है। लोगों को एहसास होने लगा है की अपना स्वास्थ्य और पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र का रिश्ता आपस में जुड़ा हुआ है। इसे ही ध्यान में रखते हुए इस त्योहारी सीजन में मांगों को पूरा करने के लिए वृक्षावन नर्सरी, वाराणसी द्वारा पौधों और गमलों तथा सिरेमिक डेकोर पर 20प्रतिशत की छूट दिया जा रहा है। इस त्योहार को हरा-भरा बनाएं और स्टोर पर तरह-तरह के गार्डनिंग सप्लीमेंट्स में से चुनकर पर्यावरण के अनुकूल बनाएं। यह ऑफर 26 अक्टूबर से 10 नवंबर, 2021 तक वैध है। वृक्षावन नर्सरी द्वारा शहर व आसपास के क्षेत्रों को हरियाली व पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य एवं लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड - पौधे लगाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन को लेकर हुई मारामारी में लोगों को इसका महत्व समझ आ गया है। आज वृक्षावन नर्सरी के द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से जागरूकता अभियान का परिणाम है कि कई लोग अपने घरों व घरों के आसपास पौधे लगा रहे हैं। वृक्षावन नर्सरी में ऐसे पौधों की मांग ज्यादा बढ़ गई है, जो घर के अंदर की हवा को स्वच्छ बनाते हुए ऑक्सीजन ज्यादा उत्पन्न करते हों।

वृक्षावन नर्सरी के संरक्षक नन्दलाल ने कहा, ÷हमारे वृक्षावन नर्सरी में हर तरह के पेड - पौधे उपलब्ध होने के साथ मिट्टी के गमले, सीमेंट गमले, सेरामिक गमले एवं बागवानी से संबंधित समान उपलब्ध है। पौधों के साथ - साथ हर पौधों के हिसाब से उसके देखभाल करने की विधि भी समझाई जाती है।

दिवाली से पहले लोग इस बात को लेकर ज्यादा परेशान हैं कि वो इस बार अपने परिजनों व दोस्तों को क्या तोहफा दे सकते हैं, तो इस खबर से आपको गिफ्ट्स के बारे में जानकारी मिल सकती है। बढते प्रदूषण के कारण वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए लोग आक्सीजन उत्पन्न करने वाले पेड - पौधों की मांग कर रहे हैं। ये पौधे आसानी से लंबे समय तक फ्रेश रहते हैं और इन्हें आप घरों में भी रख सकते हैं। ये पौधे आपके घरों में पॉजिटिव एनर्जी देते रहते है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आप भी दिवाली के खास मौके पर अपने दोस्तों एवं रिश्तेदारों को पौधे गिफ्ट कर सकते हैं।

ऑफिस व घर की शोभा बढने के लिए इंडोर पौधों की बढ़ी मांग जैसे स्नेक प्लांट, स्पाइडर प्लांट, मनी प्लांट, एलोवेरा, सिगोनियम, गुढहल, फर्न, बोगनविलिया, ड्राइसीना, ऐरेका पाम, क्रोटोन, चायनीज पाम, फिलॉडेंड्रॉन, एग्लोनेमा लिपस्टिक , एग्लोनेमा रेड , औरेलिए ड्रेकेना फ्रेग्रेंस, इंग्लिश इवी, लेडी पाम, पाथीफाइलम, बोस्टन फर्न, वीपिग फिग आदि। इसके अलावा जिनके पास खुली जगह है, वे फलदार पौधे जैसे आम, लीची, पपीता, अनार, बरगद, पीपल, नीम आदि पौधे भी खरीद रहे हैं।

## पाक पर नकेल

आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को तब करारा झटका लगा जब फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ ने उसे ग्रे लिस्ट में बनाये रखने का फैसला लिया। पाक को दोहरा झटका इस बात से लगा है कि कश्मीर मुद्दे पर पाक से सुर मिलाने वाला उसका आका तुर्की भी ग्रे लिस्ट में शामिल हो गया है। दरअसल अब तक तुर्की ही पाक को ब्लैक लिस्ट में शामिल होने से रोकने के प्रयासों में लगा रहता था। इसे भारत सरकार की कूटनीतिक कामयाबी माना जा रहा है। भारत, पाक की जमीन से संचालित किये जा रहे आतंकवादी हमलों के खिलाफ विश्व जनमत को चेताता रहा है। पाक इसे भारत के दबाव में की गई कार्रवाई बता रहा है। हालांकि, एफएटीएफ के प्रमुख मार्कस प्लीयर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है कि भारत के दबाव में पाक को ग्रे लिस्ट में रखा गया है। उनका कहना था कि यह एक तकनीकी बॉडी है और सर्वसम्मति से ही फैसला लिया जाता है। उन्होंने पाक को नसीहत दी कि वह प्रतिबंधित आतंकवादियों और आतंकवादी समूहों के खिलाफ जांच के साथ सख्त कार्रवाई करे। हालांकि, पाक का दावा है कि उसने 34 में से तीस प्वाइंट पर काम पूरा किया है। दरअसल, वित्तीय संकट से जूझ रहे पाक के लिये यह एक सप्ताह में दूसरा झटका है। पिछले दिनों पाक के तमाम प्रयासों के बावजूद आईएमएफ ने उसे कर्ज की पहली किस्त देने से मना कर दिया था। दरअसल, वैश्विक संस्था एफएटीएफ मनी लॉन्ड्रिंग व आतंकवादियों को वित्त पोषण के खतरे के चलते ही किसी देश को ग्रे लिस्ट में डालती है। जिसके बाद उस देश को आईएमएफ, विश्व बैंक तथा एशिया विकास बैंक आदि से ऋण मिलना मुश्किल हो जाता है। दरअसल, जी-7 देशों ने वर्ष 1989 में एफएटीएफ की स्थापना गैरकानूनी वित्तीय गतिविधियों के नियंत्रण के लिये की थी, जिसका मुख्यालय फ्रांस में है। वर्ष 2001 में आतंकवाद के वित्त पोषण को भी इसमें शामिल किया गया था।

दरअसल, वर्ष 2018 से पाक मनी लॉन्ड्रिंग व आतंकवादियों के वित्त पोषण के चलते इस संस्था की निगरानी में है। पाक ग्रे लिस्ट से बाहर आने के लिये छटपटा रहा है। वह इसके लिये लगातार भारत पर आरोप लगाता रहा है। संस्था के नियमों के हिसाब से तीन देशों के समर्थन से कोई देश ब्लैक लिस्ट में जाने से बच सकता है। अब तक सदस्य देश चीन, तुर्की व मलेशिया पाक की पैरवी करते रहे हैं, लेकिन अब तुर्की के ग्रे लिस्ट में आ जाने से पाक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इससे पहले पाक को वर्ष 2011 में भी ग्रे लिस्ट में डाला गया था। एक अनुमान के अनुसार इस लिस्ट में शामिल होने से पाक को हर साल करीब दस अरब डॉलर का नुकसान होता है। दरअसल, किसी देश को ग्रे लिस्ट में शामिल करना एक चेतावनी माना जाता है कि यदि चरमपंथी संगठनों को मिलने वाली आर्थिक मदद को नहीं रोका गया तो उसे ब्लैक लिस्ट में शामिल कर दिया जायेगा। जैसे कि उत्तरी कोरिया और ईरान को शामिल किया गया है। काली सूची में आने के बाद किसी भी देश पर वैश्विक व्यापार करने पर कई तरह के प्रतिबंध लग जाते हैं और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संगठनों से वित्तीय मदद लेने में परेशानी होती है। इतना ही नहीं, वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां भी ऐसे देश की साख का अवमूल्यन कर देती हैं। जाहिर है भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने वाले तथा यूएन की आतंकवादी सूची में शामिल हाफिज सईद व मसूद अजहर जैसे खूंखार आतंकवादियों के खिलाफ कारगर कार्रवाई न करने पर पाक को ग्रे सूची से बाहर नहीं निकाला जा सका है। इसे एक तरह से भारत की कूटनीतिक जीत कहा जा सकता है जो पाक को ग्रे लिस्ट में बना देखना चाहता है क्योंकि उसने आतंकवादी सरगनाओं के खिलाफ महज दिखावे की कार्रवाई की है। निस्संदेह इससे उसकी अंतर्राष्ट्रीय साख को बट्टा लगा है। उम्मीद है कि पाक एफएटीएफ द्वारा निर्देशित आतंकवादियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, सजा और आर्थिक सहायता पर प्रतिबंध की शर्तों को पूरा करके ठोस सबूत देगा।

## आपका राशिफल 26 अक्टूबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत:वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-2-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ्ढाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-3-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। धार्मिक यात्रा शुभ है। शुभांक-3-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5571




**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०.'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 5570**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## धर्म

### जानें क्या पसंद है आपके आराध्य को?

भारतीय पारंपरिक धार्मिक व्यवस्था में देवी-देवता मानवीय स्वरूप में स्वीकार्य हैं। चूंकि सगुण की उपासना करते हैं, इसलिए सगुण की हम मानवीय रूप में ही आराधना करते हैं। उनका जन्म होता है, विवाह होता है। परिवार होता है, निवास, वाहन, बच्चे, पसंद के फूल, फल.... मौसम, महीना... सब कुछ ठीक वैसे ही जैसे इंसान के हुआ करते हैं। उसी के अनुरूप देवी-देवताओं के वाहन, मास, ऋतु, पसंदीदा फल, फूल, पूजा-पद्धति... मिष्ठान्ना-नेवैद्य इन सबका का भी एक नियम है। जैसे केतकी के फूल पार्वती को चढ़ते हैं, किंतु शिव को नहीं। काला चना दुर्गा को नैवेद्य में भोग लगाया जाता है, लेकिन किसी अन्य देवता को नहीं। आइए जानें कि किस देवता को भोग में क्या प्रिय है

**विष्णु का नेवैद्य :** भगवान विष्णुजी को खीर या सूजी के हलवे का नेवैद्य बहुत पसंद है। खीर कई प्रकार से बनाई जाती है। खीर में किशमिश, बारीक कतरे हुए बादाम, बहुत थाड़ी-सी नारियल की कतरन, काजू, पिस्ता, चारौली, थोड़े से पिसे हुए मखाने, सुगंध के लिए एक इलायची, कुछ केसर और अंत में तुलसी जरूर डालें। उसे उत्तम प्रकार से बनाएं और फिर विष्णुजी को भोग लगाने के बाद वितरित करें। मान्यता है कि प्रति रविवार और गुरुवार को विष्णु-लक्ष्मी मंदिर में जाकर विष्णुजी को उक्त उत्तम प्रकार का भोग लगाने से दोनों प्रसन्ना होते हैं।

**शिव का भोग :** शिव को भांग और पंचामृत का नेवैद्य पसंद है। भोले को दूध, दही, शहद, शकर, घी, जलधारा से स्नान कराकर भांग-धतूरा, गंध, चंदन, फूल, रोली, वस्त्र अर्पित किए जाते हैं। शिवजी को रेवड़ी, चिरौंजी और मिश्री भी अर्पित की जाती है। श्रावण मास में शिवजी का उपवास रखकर उनको गुड़, चना और चिरौंजी के अलावा दूध अर्पित करने से सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है।

**हनुमान को लगाएं भोग :** हनुमानजी को हलुआ, पंच मेवा, गुड़ से बने लड्डू या रोठ, डंठल वाला पान और केसर- भात बहुत पसंद हैं। इसके अलावा हनुमानजी को कुछ लोग इमरती भी अर्पित करते हैं। कोई व्यक्ति 5 मंगलवार कर हनुमानजी को चोला चढ़ाकर यह नैवेद्य लगाता है, तो उसके हर तरह के संकटों का अविलंब समाधान होता है।

**मां लक्ष्मी को भोग:** लक्ष्मीजी को धन की देवी माना गया है। कहते हैं कि अर्थ बिना सब व्यर्थ है। लक्ष्मीजी को प्रसन्ना करने के लिए उनके प्रिय भोग को लक्ष्मी मंदिर में जाकर अर्पित करना चाहिए। लक्ष्मीजी को सफेद और पीले रंग के मिष्ठान्ना, केसर-भात बहुत पसंद हैं। कम से कम 11 शुक्रवार को जो कोई भी व्यक्ति एक लाल फूल अर्पित कर लक्ष्मीजी के मंदिर में उन्हें यह भोग लगाता है तो उसके घर में हर तरह की शांति और समृद्धि रहती है। किसी भी प्रकार से धन की कमी नहीं रहती।

**दुर्गा माता को भोग :** माता दुर्गा को शक्ति की देवी माना गया है। दुर्गाजी को खीर, मालपुए, हलुआ, केले, नारियल और मिष्ठान्ना बहुत पसंद हैं। नवरात्रि के मौके पर उन्हें प्रतिदिन इसका भोग लगाने से हर तरह की मनोकामना पूर्ण होती है, खासकर माताजी को सभी तरह का हलुआ बहुत पसंद है, नवरात्रि में काला चना उनके नेवैद्य का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। बुधवार और शुक्रवार के दिन दुर्गा मां को विशेषकर नेवैद्य अर्पित किया जाता है। माताजी के प्रसन्ना होने पर वह सभी तरह के संकट दूर होते हैं।

**सरस्वती माता भोग :** माता सरस्वती को ज्ञान की देवी माना गया है। ज्ञान कई तरह का होता है। स्मृतिदोष है तो ज्ञान किसी काम का नहीं। ज्ञान को व्यक्त करने की क्षमता नहीं है, तब भी ज्ञान किसी काम का नहीं। ज्ञान और योग्यता के बगैर जीवन में उन्नाति संभव नहीं।

## सूडोकु नवताल- 6134

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6133 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |




**विचार प्रवाह**

धर्म परम्परा नहीं, परम है। धर्म आवरण नहीं, आचरण है। धर्म बला नहीं, जीने की कला है। धर्म क्रूरता नहीं, करुणा है। आज धर्म के नाम पर संसार में जो हत्याएं और युद्ध हो रहे हैं, वह धर्म नहीं, धर्म की लाश है और जब तक इस लाश को घर से बाहर नहीं निकाला जाएगा, तब तक देश और दुनिया में सुख शांति नहीं होगी। हिन्दुस्तान में 20 लाख देवी देवता हैं जिनकी सभी लोग पूजा करते हैं। देवी देवता सिर्फ पूजा के लिए नहीं हैं, वरन उनसे प्रेरणा भी लेनी चाहिए।

मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7155



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -7132 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore



# महंगाई भत्ता में वृद्धि का आदेश

**भोपाल ।** कर्मचारियों को अक्टूबर के वेतन में बीस प्रतिशत के हिसाब से महंगाई भत्ता मिलेगा। सातवां वेतनमान ले रहे कर्मचारियों के लिए वित्त विभाग ने महंगाई भत्ते में वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं लेकिन छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के लिए इस बार अलग से आदेश निकाला जाएगा। हालांकि, अब तक एक साथ आदेश निकाले जाते रहे हैं।वित्त विभाग ने 21 अक्टूबर को शासकीय सेवकों तथा स्थायी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में आठ प्रतिशत की वृद्धि करने के आदेश जारी किए हैं। इसका लाभ नवंबर में मिलने वाले वेतन से मिलेगा पर छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के लिए अभी महंगाई भत्ते में वृद्धि के आदेश नहीं निकले हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि महंगाई भत्ते में वृद्धि की गणना करने के बाद एक-दो दिन में इसके भी आदेश जारी कर दिए जाएंगे।छत्तीसगढ़ सरकार ने सातवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में पांच प्रतिशत की वृद्धि की है। जबकि, छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के लिए यह वृद्धि दस प्रतिशत हुई है। इन्हें 164 प्रतिशत महंगाई भत्ता एक जुलाई 2021 से मिलेगा। इसी अनुपात में प्रदेश के छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ेगा।उधर, पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश दत्त जोशी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि पेंशनर की महंगाई राहत बढ़ाई जाए। छत्तीसगढ़ सरकार पांच प्रतिशत महंगाई राहत में सहमति के लिए पत्र भेज चुकी है। इसके आधार पर निर्णय लिया जाए। साथ ही राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित किया जाए। इससे महंगाई राहत बढ़ाने के लिए दोनों राज्यों की सहमति की आवश्यकता नहीं रहेगी।

# एक ही भूमि पर दो बैंकों से ऋण नहीं ले पाएंगे किसान

**भोपाल।** प्रदेश में अब किसान एक ही भूमि पर दो बैंकों से ऋण नहीं ले पाएंगे। इसके लिए सरकार अभियान चलाकर संबंधित भूमि पर लिए अल्पावधि फसल ऋण को खसरे में दर्ज करने जा रही है। इससे सभी बैंकों को यह पता रहेगा कि किस किसान ने किस बैंक से किस खसरे पर ऋण लिया है। इसके लिए राजस्व विभाग ने सहकारिता विभाग को माड्यूल तैयार करके दिया है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां इसमें ऋण लेने वाले किसान से संबंधित भूमि के खसरे में जानकारी दर्ज करेंगी। अभी सिर्फ खसरे की नकल लेकर ऋण दिए जाने की व्यवस्था है।प्रदेश के राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ऋण वसूली और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के भुगतान से जुड़े मामलों में यह सामने आया था कि किसान एक ही भूमि पर एक से अधिक बैंकों से ऋण ले लेते हैं। ऐसे में वसूली या फिर भुगतान को लेकर समस्या आती है। सीएम हेल्पलाइन में भी फसल बीमा का भुगतान नहीं होने की शिकायत की जांच में यह बात सामने आई किसान को एक बैंक से बीमा का भुगतान हो चुका है। जबकि, उसने जानकारी छुपाकर दूसरे बैंक से भी उसी



## खसरे में होगी एंट्री

भूमि पर बीमा कराया था। इस तरह की समस्या बार-बार सामने आने पर सहकारिता विभाग ने राजस्व के अधिकारियों से बात की और फिर खसरे में ऋण का उल्लेख करने का निर्णय लिया है। कृषि और सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी ने बताया कि सहकारी समितियां किसानों को अल्पावधि फसल ऋण खसरे की नकल लेकर देती हैं। इससे आधार पर पात्रता के अनुसार ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

इसी ऋण पर प्रधानमंत्री फसल बीमा भी होता है। कई बार किसान अन्य बैंकों से भी संबंधित भूमि पर ऋण ले लेते हैं। इससे वसूली में समस्या आती है और समय पर ऋण नहीं चुकाने से किसान डिफाल्टर हो जाता है। इसके मद्देनजर यह तय किया है कि खसरे में ही यह उल्लेख कर दिया जाएगा कि किसान ने समिति से ऋण लिया है। 12 से 15 फीसद खसरों में जानकारी भी दर्ज हो गई है। आयुक्त भू-अभिलेख ज्ञानेश्वर पाटील ने बताया कि सहकारी संस्थाओं द्वारा दिए जाने वाले ऋण अभी खसरे में दर्ज नहीं होते हैं। इसके लिए सहकारिता विभाग को माड्यूल बनाकर दिया है।

### 35 लाख से ज्यादा लेते हैं ऋण

प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ और रबी सीजन में 35 लाख से ज्यादा किसान अल्पावधि फसल ऋण लेते हैं। अपेक्स के प्रबंध संचालक पीएस तिवारी ने बताया कि सहकारी समिति के माध्यम से सालाना दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर देते हैं।

इसके लिए सिर्फ खसरे की नकल ली जाती है। अब खसरे में ऋण संबंधी जानकारी भी दर्ज की जाएगी और यह राजस्व विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। इससे दूसरे बैंकों को यह पता होगा कि संबंधित खसरे पर ऋण लि



# मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना 15 नवंबर से प्रारंभ होगी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना की शुरुआत मध्य प्रदेश में 15 नवंबर से होगी। 16 जिले के 74 आदिवासी विकासखंडों में उचित मूल्य की दुकान से राशन ले जाकर गांवों में वितरित किया जाएगा। इसके लिए स्थानीय युवाओं को बैंकों से ऋण दिलाकर वाहन खरीदवाए जाएंगे। इसके लिए कलेक्टरों को तीन नवंबर तक हितग्राहियों का चयन करना होगा। वाहन कंपनियों को 10 नवंबर तक हितग्राही को वाहन उपलब्ध कराने होंगे।खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने योजना के क्रियान्वयन की तैयारी के लिए कलेक्टरों को दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि योजना उन गांवों में प्रभावशील होगी, जहां उचित मूल्य की दुकान नहीं है और उपभोक्ताओं को दूसरे गांव राशन लेने के लिए जाना पड़ता है। मासिक चार क्विंटल खाद्यान्न् के उठाव के आधार पर सेक्टर बनाए जाएंगे। प्रत्येक सेक्टर के लिए एक वाहन आवंटित किया जाएगा।एक सेक्टर में 15 से 20 गांव रहेंगे। एक दिन में एक वाहन राशन लेकर अधिकतम 15 किलोमीटर से अधिक दूर नहीं जाएगा। वाहन ऋण दिलाने के लिए हितग्राही का चयन तीन नवंबर तक करना होगा। वाहन का चयन हितग्राही स्वयं करेगा और उसे बैंक से ऋण दिलाने की प्रक्रिया जिला आपूर्ति नियंत्रक कराएंगे। वाहन का उपयोग कम से कम 25 दिन खाद्यान्न् वितरण के काम में किया जाएगा। शेष दिवस में वाहन मालिक अन्य कार्य कर सकेगा। पेट्रोल और डीजल के मूल्य के आधार पर मासिक किराया वर्ष में तीन बार (अप्रैल, अगस्त और दिसंबर) पुनरीक्षित किया जाएगा।

### इन जिलों में लागू होगी योजना

अनूपपुर, बालाघाट, बड़वानी, बैतूल, छिंदवाड़ा, धार, डिंडोरी, होशंगाबाद, झाबुआ, मंडला, रतलाम, सिवनी, शहडोल, श्योपुर, सीधी एवं उमरिया।

# वीडियो एडिटिंग और फैशन डिजाइनिंग सीखेंगे पुलिसकर्मियों के बच्चे

**भोपाल ।** भोपाल में स्थित पुलिस आइटीआइ ने विभिन्न् विश्वविद्यालयों से एमओयू साइन किए हैं। इसके तहत परंपरागत पाठ्यक्रमों के अलावा पत्रकारिता, वीडियो एडिटिंग, फैशन डिजाइनिंग जैसे नए डिप्लोमा और डिग्री कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं। इनमें प्रवेश के लिए प्रक्रिया दिसंबर से शुरू होगी। एमओयू के तहत इन आइटीआइ में पाठ्यक्रमों का शुल्क मूल फीस का आधा रहेगा। पुलिसकर्मियों के बच्चों के बाद सीट रिक्त रहने पर आम विद्यार्थियों को भी इसमें प्रवेश देने का प्रविधान है। उनके लिए भी शुल्क आधा ही रहेगा। पुलिस आइटीआइ इंदौर और भोपाल में हैं। जिन विवि से करार हुआ है, उनके लिए विशेषज्ञ इन आइटीआइ में आकर प्रशिक्षण देंगे। पुलिस आइटीआइ भोपाल की प्राचार्य/अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमन गुर्जर ने बताया कि परंपरागत कोर्स के अलावा ये नए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पुलिस परिवार के बच्चों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक होंगे। प्रवेश प्रक्रिया पूर्व की तरह ही होगी। आइटीआइ परिसर में छात्र/छात्राओं के होस्टल, लायब्रेरी, हॉस्पिटल/ ओपीडी, मेस तथा शासन नियमानुसार स्कालरशिप की सुविधा भी उपलब्ध है। इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया के दौरान 160 उपलब्ध सीटों के विरूद्ध 997 अभ्यार्थियों ने इस संस्थान के लिए आवेदन किए हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए प्रदेश के किसी भी जिले में कार्यरत पुलिसकर्मियों के बच्चे आवेदन कर सकते हैं। आइटीएम यूनिवर्सिटी से हुए करार के तहत छह-छह माह के छह पाठ्यक्रम होंगे। इनमें फैशन डिजाइनिंग, कम्यूनिकेशन स्किल, डिजीटल फोटोग्राफी, डिजीटल कम्यूनिकेशन, पत्रकारिता, मॉस कम्यूनिकेशन जैसे कोर्स हैं। इन सभी के लिए निर्धारित स्थान 30-30 रहेंगे। स्कूल आफ ब्राडकास्टिंग एंड कम्यूनिकेशन (एसबीसी) मुंबई से हुए करार के तहत एंकरिंग एवं टीवी होस्टिंग, कॉपी राइटिंग फार एडवरटाइजिंग, डाक्यूमेंटरी फिल्म मेकिंग, फिल्म एंड टीवी प्रोडक्शन, मोबाइल जर्नलिज्म, फोटोग्राफी एंड वीडियोग्राफी, पब्लिक रिलेशन, रेडियो जाकी एंड वायसिंग, रिपोर्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, थियेटर एंड एक्टिंग, वीडियो एडिटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### भविष्य के लिए बड़ा बदलाव है

*आइटीआइ के पुराने पाठ्यक्रमों में युवाओं की रूचि कम हो रही है। रोजगारोन्मूलक पाठ्यक्रम समय की मांग है। हमारे अधिकारियों ने इस दिशा में सोचा और उनके प्रयास से प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से करार हुए हैं। यह भविष्य के लिए बड़ा बदलाव है। समय के साथ इसमें और सुधार किया जाएगा। पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए यह बड़ी राहत है।*

**विवेक जौहरी, पुलिस महानिदेशक, मध्य प्रदेश पुलिस**

# भोपाल के रास्ते तीन नवंबर से चलेगी यशवंतपुर-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन

**भोपाल ।** भोपाल के रास्ते यशवंतपुर से चंड़ीगढ़ के बीच तीन नवंबर से द्विसाप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस चलेगी। इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को सहूलियतें होंगी। यशवंतपुर से चंडीगढ़ के बीच सफर करना आसान हो जाएगा। रेलवे के मुताबिक ट्रेन 06239 यशवंतपुर-चंडीगढ़ द्विसाप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस तीन नवंबर तक प्रतिदिन बुधवार व शनिवार को यशवंतपुर स्टेशन से दोपहर 1.55 बजे चलकर, अगले दिन रात 12 बजे भोपाल पहुंचकर दोपहर 3.50 बजे चंडीगढ़ स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन 06240 चंडीगढ़-यशवंतपुर द्विसाप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस छह नवंबर से आगामी सूचना तक प्रति मंगलवार व शनिवार को चंडीगढ़ से तड़के 3.35 बजे चलकर, शाम 6.20 बजे भोपाल और तीसरे दिन सुबह 6.05 बजे यशवंतपुर स्टेशन पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर ठहराव लेकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तुमकुर, अरसीकेरे, देवनगेरे, हुबली, धारवाड़, बेलगाम, मिरज, पुणे, मनमाड़, भुसावल, भोपाल, झांसी, पनवेल, हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली, पानीपत एवं अंबाला कैंट स्टेशनों पर ठहराव लेकर चलेगी।



### पूरी तरह आरक्षित होगी स्पेशल ट्रेन

यशवंतपुर से चंडीगढ़ के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन पूरी तरह आरक्षित होगी। सामान्य टिकट नहीं मिलेंगे। इस ट्रेन में एक वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, दो वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, चार वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, सात शयनयान श्रेणी, चार सामान्य श्रेणी, एक पैंट्रीकार, तीन पार्सलवान, दो एसएलआर सहित कुल 24 कोच होंगे।

### कोरोना नियमों का करना होगा पालन

भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि उक्त ट्रेन में कोरोना नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। बगैर मास्क लगाए ट्रेन में सफर नहीं कर सकेंगे। सैनिटाइजर का उपयोग करना होगा। कचरा निधारित डिस्टबिन में ही डालना होगा। ट्रेन के अंदर एक दूसरे से शारीरिक दूरी बनाकर रखना होगा। इसके अलावा स्टेशन पर प्रवेश करने और अंतिम स्टेशन पर उतरकर बाहर निकलते समय कोरोना जांच टीम के कहने पर कोरोना की जांच करानी होगी।

# 101 कॉलोनी खाली कराई जाएंगी, 100 अवैध कॉलोनियों को वैध करेंगे

**इंदौर।** नगरीय निकाय चुनाव का समय निकट आ गया है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए कहा है। इंदौर में कुल 460 अवैध कालोनियां है। प्रारंभिक पड़ताल में पाया गया है कि 100 अवैध कालोनियों को वैध किया जा सकता है परंतु 101 कॉलोनी ऐसी हैं जिन्हें खाली कर आना ही पड़ेगा। इंदौर शहर में अवैध कॉलोनी का मामला ना केवल बढ़ा है बल्कि बड़े पॉलीटिकल पावर से भी जुड़ा है। कलेक्टर मनीष सिंह ने इस मामले में कमिश्नर नगर निगम को फ्री हैंड दे दिया है। प्रारंभिक पड़ताल में पाया गया है कि शहर में 100 कालोनियां ऐसी हैं जो जमीन के एक छोटे से टुकड़े के कारण अवैध घोषित हो गई है। इन कालोनियों को आसानी से वैध किया जा सकता है। कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर को इस बारे में पत्र लिख दिया है। फाइनल डिसीजन नगर निगम में होगा। करीब 500000 लोगों को इसका फायदा मिलेगा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से जुड़े हुए अधिकारियों का कहना है कि ग्रीन बेल्ट, नदी सीमा, सरकारी भूमि पर बसी 101 कॉलोनियों को किसी भी स्थिति में वैध नहीं किया जा सकता। इन कालोनियों को हर हाल में खाली कराना होगा।

# असिस्टेंट मैनेजर ने उपहार में आइफोन लेने के लालच में गंवाए पांच लाख रुपये

**भोपाल ।** कोलार की राजवैध कालोनी में रहने वाली 28 वर्षीय प्रियंका डोंगरे के साथ आनलाइन धोखाधड़ी हुई है। वह एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर हैं। आरोपितों ने उन्हें फोन किया और कहा कि उनका चयन लक्की ग्राहक के रूप में हुआ है। अगर वह आज पांच हजार रुपये का सामान खरीदेंगी तो उनको कंपनी आइफोन देगी। इस पर पीड़िता ने हामी भर दी और उसके बाद तीन बार में उनके खाते करीब पौने छह लाख की राशि निकाल ली गई। प्रियंका ने मीडिया को बताया कि उनके पास 20 अक्टूबर को एक फोन आया और फोन करने वाले ने कहा कि वह नायिका नाम की कंपनी से बात कर रहा है। उनके मोबाइल नंबर का चयन विशेष ग्राहक के रूप में किया गया है और अगर आप आज ही पांच हजार रुपये तक का सामान खरीदेंगी तो आपको उपहार में आइफोन दिया जाएगा। इसके बाद फोन करने वाले ने पहले यूपीआइ से पांच हजार 739 रुपये जमा करा लिए। इसके बाद आरोपितों ने डिस्पैच टीम का सदस्य बनकर बात की और कहा कि उनका गिफ्ट पैक किया जा रह है, मगर डिस्पैच से पहले जीएसटी के नौ हजार 844 रुपये देने होंगे। यह राशि बाद में वापस कर दी जाएगी। यह राशि भी प्रियंका ने जमा कर दी। बाद में आरोपितों ने उनसे कहा कि आपकी पूरी राशि वापस की जा रही है, वह आरटीजीएस कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने एक खाता नंबर दिया। साथ ही कहा कि तबरक नाम से उनके द्वारा जनरेट की गई ओटीपी डाल दें, जहां पर राशि लिखी जाती है। प्रियंका की इस बात को लेकर आरोपितों से बहस भी हुई, लेकिन आरोपितों ने उनको भरोसा दिला दिया तो वह उनके झांसे में आ गईं और उन्होंने जैसा कहा वैसा ही कर दिया। उसके बाद उनके खाते से करीब चार लाख 92,161 रुपये कट गए। इस हिसाब से उनके साथ कुल मिलाकर पांच लाख सात हजार, 744 रुपये की धोखाधड़ी की गई। प्रियंका को अफसोस है कि उनको धोखाधड़ी का आभास हुआ था, लेकिन वह आरोपितों के झांसे में आ गईं।

# अश्वगंधा की खेती कर पांच गुना मुनाफा कमा रहे किसान

**उज्जैन ।** तहसील के किसान औषधीय खेती कर सामान्य से पांच गुना अधिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। तहसील के रूपाहेड़ा गांव के प्रगतिशील किसान भौमसिंह पंवार ने एक बीघा रकबा में अश्वगंधा बोई थी। लागत खर्च निकाल कर सवा लाख रुपये की कमाई हुई। आयुर्वेद औषधि निर्माता ब्रांडेड कंपनियां आयुर्वेद उत्पादों को किसानों से अच्छे दाम में खरीदती है। कृषक भौमसिंह पंवार ने पिछले साल एक बीघा में अश्वगंधा का 6 किलो बीज बोया था, जिसमें अश्वगंधा की उपज 4 क्विंटल हुई और नीमच मंडी में उसकी जड़ 35 हजार रुपये प्रति क्विंटल बेची।

### अश्वगंधा की पत्तियों का भूसा भी बिका

पत्तियों का भूसा 12 हजार में बेचा। इस प्रकार आय एक लाख 52 हजार रुपये लागत खर्च 25 हजार रुपये काट के शुद्ध लाभ मिला एक लाख 27 हजार रुपये हुआ। इस बार भौमसिंह ने पांच बीघा में अश्वगंधा उगाया है। एक बीघा में लागत बीज की कीमत 2 हजार रुपये, डीएपी उर्वरक एक थैली कीमत 1200 रुपये, निंदाई-कटाई एवं उखाड़ने की मजदूरी 20 हजार रुपये सहित कुल लागत खर्च आया 25 हजार रुपये आएगा।

### उज्जैन जिले में अश्वगंधा का रकबा बढ़ा

उद्यानिकी विभाग नर्सरी ग्राम मौलाना की ग्रामीण विकास अधिकारी ज्योति शर्मा ने बताया कि रबी सीजन में कृषक भौमसिंह पंवार एवं कृषक शैलेंद्रसिंह राठौर सहित जिले के किसानों ने इस सीजन में करीब 25 हेक्टेयर में अश्वगंधा की फसल उगाने के लिए 15 अक्टूबर को इसकी बोनी कर दी है। इस फसल की जड़ें एवं पत्तियां दोनों बिकती हैं। कृषि विस्तार अधिकारी अनिल कुमार सक्सेना ने भी



आयुर्वेदिक खेती दोनों खरीफ एवं रबी सीजनों में बोने की सलाह किसानों को दी है। अन्य प्रांतों की अपेक्षा ये फसल देश के पंजाब, राजस्थान के अलावा अब मध्य प्रदेश के मंदसौर, नीमच, सुवासरा एवं अब उज्जैन जिले में भी इसको बोने की शुरुआत हुई है। बरसात के सीजन में जून माह में और रबी सीजन में 15 अक्टूबर तक अश्वगंधा बोनी चाहिए। कम नमी होने पर बारिश के मौसम में ढलान वाले खेतों में यह फसल अधिक मुनाफा देती है। खेत में पानी जमा नहीं होना चाहिए। रबी सीजन में 4 बार सिंचाई पर्याप्त है।

### अश्वगंधा से सवा लाख रुपये का शुद्ध लाभ

कृषक पंवार ने बताया कि एक बीघा में सोयाबीन बोने पर 4 क्विंटल के औसत से 30 हजार रु. की ही कमाई होती, जबकि अश्वगंधा से एक बीघा में सवा लाख रुपये की कमाई हुई। अश्वगंधा की खड़ी फसल को मवेशी भी नहीं खाते। बकरे, घोड़ा आदि जानवरों को इसका स्वाद अच्छा नहीं लगता है, जिससे इसकी सुरक्षा करने बागड़ लगाने की भी आवश्यकता नहीं है। औषधीय खेती है, तीन से साढ़े तीन माह में फसल तैयार हो जाती है। आयुष चिकित्सक डा. राजेश्वरी मेहरा के मुताबिक अश्वगंधा रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाती है। हर तरह की बीमारी में बिना साइड इफेक्ट के काम करती है। अश्वगंधा को बोने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु शासन को चाहिए कि इसे उद्यानिकी विभाग की योजना में शामिल करना चाहिए।



# 10 हजार से ऊपर पहुंच सकती है मध्य प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या

## अक्टूबर में मिल चुके हैं 3596 मरीज

**भोपाल।** प्रदेश में इस साल डेंगू मरीजों का आंकड़ा शनिवार को 9286 हो गया है। अक्टूबर में 3,596 मरीज मिले हैं। हर दिन औसतन 150 मरीज मिल रहे हैं। यही स्थिति रही तो इस महीने के अंत तक डेंगू मरीजों का आंकड़ा 10 हजार से ऊपर पहुंच जाएगा। 2015 से लेकर अब तक में पहली बार डेंगू के इतने मरीज मिले हैं। विज्ञानी इसकी वजह डेंगू के नए स्ट्रेन और बीच-बीच में बारिश को मान रहे हैं। स्वास्थ्य संचालनालय में उप संचालक डा. हिमांशु जायसवार ने कहा कि इस बार अक्टूबर में भी बीच-बीच में बारिश होने की वजह से मरीज कम नहीं हो रहे हैं।

### इस साल अभी तक डेन-2 स्ट्रेन का पता चला

डेंगू वायरस के चार स्ट्रेन (स्वरूप) डेन-1 से लेकर डेन-4 तक होते हैं। इस साल एनआइवी पुणे में हुई जांच में डेन-2 स्ट्रेन मिला है। ज्यादा प्रभावित जिलों से स्ट्रेन का पता करने के लिए सैंपल भेजे गए हैं, लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है।

### पांच जिलों में मिले 43 फीसद मरीज

अभी तक मिले मरीजों में सबसे ज्यादा मंदसौर के 1198 मरीज शामिल हैं। ग्वालियर में 792, जबलपुर 713, उज्जैन में 677 और इंदौर में 649 मरीज मिल चुके हैं। प्रदेश में इस साल अभी तक मिले मरीजों में 43 फीसद इन्हीं पांच जिलों के हैं। हालांकि,यह अच्छी बात है कि मंदसौर में मरीजों की संख्या कम हुई है। अक्टूबर के शुरुआती 20 दिन में यहां पर सिर्फ 118 मरीज मिले हैं।

### सुहाग की सलामती के लिये रखा करवा चौथ का व्रत

# चलनी की ओट से किया चांद का दीदार



सिहोरा-कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को आज सुहागनों ने पति की लम्बी आयु तथा अखण्ड सौभाग्य की कामना को लेकर दिन भर निर्जला वृत रखकर माता पार्वती का पूजन कर चलनी की ओट से चांद का दीदार किया और अपने पति के हाथों से जल ग्रहण कर उपवास को पूर्ण किया।

करवा चौथ के वृत को लेकर आज सुबह से ही विवाहित महिलाओं में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला प्रातः स्नान आदि करने के बाद मम सुख सौभग्य,पुत्रो पोत्रादि सुस्थिर श्री प्रासये करक चतुर्थी वृत महमकरिष्ये का संकल्प बोलकर व्रत प्रारंभ किया। इसके बाद शाम को आठ पूरियों की अठमाईं बनाकर पीली मिट्टी से माता गौरी को बनाकर उनकी गोद में गणेश जी को बैठाया इसके बाद माता पार्वती को चुनरी के साथ सुहाग की अन्य सामग्री चढाकर उनका श्रृंगार किया इसके बाद मिट्टी के बने करवा में गेंहू और ढक्कन में शक्कर का भूरा भरकर उसमें रोरी से स्वास्तिक बनाकर करवा पर तेरा बिंदी एवं इतने ही गेंहू व चांवल के दाने लेकर कथा सुनी तथा कथा पूर्ण होने के बाद सासु मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया व करवा भेंटकिया। अनेक महिलाओं ने सासु मां को करवे के साथ साडी व श्रृंगार सामग्री भेंट किया।

मन के मिलन का पर्व करवा चौथ पर सुहागन महिलायें ने दिन भर व्रत रखा और शाम को चांद की प्रतिक्षा में पूजन के बाद आसमान की ओर टकटकी ओर लगा दी लेकिन चांद ने भी निकलने में देर की और व्रती महिलाओं से लम्बा इंतजार कराया लेकिन जब चांद निकला ता उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रात्री में चांद निकलने के बाद उन्होने चलनी की ओट से उसे देखा और चंद्रमा को अर्ध्य दिया और पति के हाथ से जल ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। अनेक महिलाओं ने सरावगी मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर अपनी पूजा थाली के साथ सात बार परिक्रमा लगाई एवं कथा सुनी।

## पति की दीर्घायु के लिए की पूजा अर्चना



अनूपपुर । सुहाग की मंगल कामना के लिए मनाए जाने वाले करवा चौथ की रविवार को धूम रहीद्य करवा चौथ के दिन सुहागिन और विवाह योग लड़कियां ने सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जल व्रत रखा तत्पश्चात करवा माता और गौरी गणेश की पूजा कर व्रत का पारण किया गयाद्य महिलाओं ने छलनी से चांद संग पिया का दीदार किया, फिर अर्ध देकर पति की दीर्घायु की कामना कीद्य मान्यता है कि कोई भी व्यक्ति स्त्री के पतिव्रत से छल ना कर सके इसलिए स्त्रियां स्वयं ही छलनी को हाथ में रख दीपक की रोशनी में चांद के दर्शन करती है और अपने व्रत का पारण करती है महिलाओं ने पूजा की थाली सजा कर पिन्नी पूरी चूरा का भोग लगायाद्य पति ने पत्नी को मिष्ठान खिलाकर व्रत पारण कराया चौथ माता का अध्ययन करते हुए महिलाओं ने पूजा की पूरा दिन महिलाओं ने पूजा की तैयारियां की और हाथों में मेहंदी रचाई अनूपपुर सहित आमला ही चचाई विवेक नगर आदि स्थानों में लोगों ने मिलकर पूजा अर्चना की।



# गायत्री महायज्ञ के लिए बैठक आयोजित

**सिहोरा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वधान में सिहोरा में 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ का आयोजन होना है इस संबध में कटरा मोहल्ला में बैठक रखी गई यह यज्ञ हनुमान मंदिर बाबा शाला कटरा मोहल्ला में संपन्न होगा। यज्ञ कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए संपन्न किया जाएगा । यज्ञ की सफलता हेतु घर घर गायत्री मंत्र का लेखन, गायत्री मंत्र का जप ,सूर्य ध्यान, सूर्य अर्घ्य, चालीसा पाठ ,दीप यज्ञ ,एक कुंडी यज्ञ इत्यादि साधनाएं संपन्न करवाई जाएगी। प्रचार प्रसार हेतु दीवार लेखन, सद्वाक्य स्टीकर वितरण ,अखंड ज्योति पाठक के सदस्य बनाना, युग निर्माण पत्रिका के सदस्य बनाना इत्यादि कार्य संपन्न किए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे गायत्री परिवार के अध्यक्ष एन के गर्ग , रामप्रकाश नायक ,नरेंद्र त्रिपाठी, माखनलाल बाथम, अनंतराम सोनी ,कृष्ण कुमार पटेल ,वीरेंद्र पाटकर ,कन्छेदीलाल राय , ओमप्रकाश बर्मन , रामजी बर्मन, राम कुमार सेन, निरंजन पटेल बलराम बर्मन, बबलू सोनी ,विनय नामदेव, कढोरी लाल साहू,घनश्याम प्रसाद बर्मन ।





# जिला आंदोलन में साथ आए 11 सामाजिक-धार्मिक संगठन

### तीसरे रविवार को भी दिया धरना

**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन तीसरे रविवार को भी जारी रहा।आज आंदोलन ने विस्तार रूप लिया और नगर के 11 सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने बस स्टैंड धरना स्थल पर पहुँच धरने का समर्थन किया।वही विगत दो रविवार को मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन का जबाब मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त हुआ है जिसमें ज्ञापन को आवश्यक कार्यवाही हेतु राजस्व विभाग को भेजा गया है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक बिनोद खत्री द्वारा धरने स्थल पर पहुँच दिए गए समर्थन ने नगर में इस चर्चा को हवा दे दी कि अब सिहोरा आने वाले समय में जिला जरूर बनेगा।

इन संगठनों ने दिया समर्थन

आज बस स्टैंड में चल रहे धरने को समर्थन देने वालों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,ब्राह्मण समाज सिहोरा,जैन समाज सिहोरा,पेंसनर्स संघ सिहोरा,व्यापारी संघ,साहू समाज,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा,किसान संघ,विश्वकर्मा समाज,पंजाबी समाज और वन्दे मातरम सामाजिक कल्याण संघ के अध्यक्षो ने धरना स्थल पहुँच समर्थन दिया। आज के धरने राजभान मिश्रा,कृष्ण कुमार कुररिया,सचिन पांडे,सुखदेव कौरव,शिवम दुबे, अनंतराम सोनी,नीरज गौतम,अभिषेक मिश्रा,मयंक जैन,विनय गौतम,प्रयास मिश्रा,महेंद्र गुप्ता,अर्जुन पंजाबी,संजय ठाकुर ,दीपांशु दुबे सहित सैकड़ों सिहोरावासी मौजूद रहे।

### इनका कहना है

सिहोरा का विखंडन हुआ,बड़ी तहसील का गौरव गया और दो मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बाद भी जिला न बनने से सिहोरावासी स्वयं को उपेक्षित समझ रहे है।सरकार को सिहोरा को जिला बनाना चाहिये।

**बिनोद खत्री**
**जिला कार्यवाहक,आर एस एस**

सिहोरा जिला सिहोरा वासियों की जनभावना है,आंदोलन को तेज कर सरकार तक अपनी बात पहुंचायेंगे।

**राकेश पाठक अध्यक्ष ब्राह्मण समाज सिहोरा**

सिहोरा जिला की आवाज उठाकर सिहोरा के युवाओं ने दिल जीत लिया है कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे।

**नरेंद्र गर्ग,**
**अध्यक्ष गायत्री परिवार**

सिहोरा के विखंडन से व्यापार समाप्त हुआ,जिले की सारी संभावनाएँ होते हुए भी सिहोरा उपेक्षित रहा।

**आनंद प्रकाश जैन**
**व्यापारी संघ सिहोरा**

सिहोरा ने लगातार भाजपा को जिताया पर सरकार होते हुए भी सिहोरा की अनदेखी की गई।अब इसी सरकार से लेने का समय आ गया है।

**करोडी लाल साहू,**
**अध्यक्ष साहू समाज सिहोरा**

सिहोरा के जिला बनने से यहाँ शिक्षा के क्षेत्र में नई संस्थाएं आएँगी जिससे सिहोरा और आस पास के क्षेत्रों के छात्रों को लाभ होगा।

**नंद कुमार परौहा**
**किसान संघ**

# भाजपा नगर मंडल अनूपपुर ने आयोजित किया कोरोना योद्धा सम्मान समारोह



**अनूपपुर/**भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अनूपपुर द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में दिनांक 24 अक्टूबर को दोपहर 2ः00 बजे से कोरोना योद्धा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा अनूपपुर नगर मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर एस सी राय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर, डॉक्टर एसआरपी द्विवेदी, डॉ.आर पी सोनी, डॉ वीरेंद्र खेश, डॉ प्रवीण शर्मा सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम द्वारा अतिथि की आसंदी से मंचासीन उपस्थित रहकर सर्वप्रथम कार्यक्रम के शुभारंभ में भारत माता तथा महापुरुषों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा ही संगठन के तहत कोविड 19 के 100करोड़ टीकाकरण पूर्ण होने का प्रशंसनीय कार्य पर तथा इस कठिन आपातकाल गुजरे समय में जिन कोरोना योद्धाओं द्वारा जन सेवा में समर्पित रहकर पुनीत कार्य किया है जिनमें डॉक्टर,नर्स आशा कार्यकर्ता, उषा कार्यक्रता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,पत्रकार, पुलिस अमला,सामाजिक संगठन,नगर पालिका के कर्मचारी, सफाई कर्मी का सम्मान करना रहा है। जिसके तहत नगर मंडल भाजपा अनूपपुर द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए सभी जमीनी कार्यकर्ता स्तर से लेकर प्रमुख वाहदे के कोरोना योद्धाओं का नगर मंडल अनूपपुर के भाजपा पदाधिकारियों द्वारा शाल,श्रीफल तथा पुष्प गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों द्वारा सभी उपस्थित भाजपा संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं अन्य कोरोना योद्धाओं को अपने प्रखर एवं ओजस्वी शब्दों से संबोधित किया जिसमें सार्थक तत्व यह रहा कि हम सभी देशवासियों को कितनी भी विषम परिस्थिति निर्मित हो जाए हम सभी को मिलकर और डटकर मुकाबला करने की आवश्यकता है ताकि ऐसे भयानक तथा भयावह बीमारियों से निजात पाया जा सके।

यह कार्यकर्ता भी रहे उपस्थित उक्त सम्मान समारोह में शीलू त्रिपाठी, राजा तिवारी, शंकर पटेल, प्रियम शुक्ला, अक्षय पांडे, मुकेश राठौर, अजय राठौर, सुनील सोनी, रवि वर्मा, महिला नेत्री मीना वर्मा,गायत्री रैकवार, रमा मिश्रा, पुष्पा पटेल, गुड़िया रौतेल,सुभद्रा चौधरी,संध्या मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं कोरोना योद्धा गण उपस्थित रहे।

# टाटा मोटर्स ने भारत मेंग्राहक संवाद लॉन्च किया

**मुंबई।** टाटा मोटर्स भारत की सबसे बडी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी 23 अक्टूबर को उस दिन की याद में नेशनल कस्टंमर केयर डेष् मनाएगी जब वर्ष 1954 में टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांटट से पहला ट्रक निकला था। कंपनी अपना वार्षिक ग्राहक.संलग्नरता कार्यक्रम ष्ग्राहक संवादष् भी लॉन्चे करेगी जो 20 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2021 तक चलेगा। इस कार्यक्रम का लक्ष्यन ग्राहकों को कंपनी की अभिनव सेवाओं और उत्पांदों के बारे में जागरूक करना है। ग्राहकों का फीडबैक लेने और उनकी अपेक्षाओंए मुख्या समस्याकओं को समझने तथा सुझाव लेने के लिये टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूैटिव्सट उनके साथ बात करेंगे। इस बातचीत से कंपनी की बिक्री.पश्चांत सेवा को और भी कारगर बनाने और उत्पानदों की पेशकश में सुधार हेतु सहयोग मिलेगाए ताकि ग्राहकों का परेशानीरहित ड्राइविंग अनुभव मिले।

इस अनोखे कार्यक्रम के बारे में टाटा मोटर्स की कमर्शियल व्हीकल बिजनेस यूनिट में कस्ट मर केयर के ग्लोगबल हेड श्री आरण् रामाकृष्णेन ने कहाए श्ग्राहक संवादष् टाटा मोटर्स से वाणिज्यिक वाहन लेने वाले ग्राहकों के लिये एक बड़ी पहल है। हमारी आदर्श बिक्री.पश्चोत सेवा वाहन के पूरे लाइफसाइकल में अधिकतम अपटाइम और कम टोटल कॉस्टा ऑफऑपरेशंस ;टीसीओद्ध सुनिश्चित करती है। हर साल ष्नेशनल कस्टकमर केयर डेष् हमें ग्राहकों से बात करने और अपनी पहलों पर उनका मूल्यद्धवान फीडबैक लेने का सुनहरा मौका देता हैए जिससे हमें अपनी बिक्री.पश्चामत सेवा की गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ सम्बंमध को और भी बेहतर बनाने में सहायता मिलती है। हम अपने पार्टनर्स और ग्राहकों से सुझावए विचार और बाजार सम्बंगधी जानकारी लेते रहेंगे और उनसे मिली सीख का इस्ते माल अपने उत्पा दों और सेवाओं के विकास में करेंगे।

# मूलभूत सुविधाओं को तरसता पुराना बस स्टेंड

### नगर पालिका नहीं दे रही ध्यान

**सिहोरा।** सुविधा सुरक्षा व स्वच्छता को मोहताज लाखों का राजस्व देने वाला पुराना बस स्टेण्ड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। विशेष या आधुनिक सुविधा की कौन बात करे यहां तो मूलभूत सुविधा भी यात्रियों को नसीब नहीं है। कचरा एवं गंदगी कि दुर्गन्ध मारते ढेर,के अलावा स्थाई अस्थायी अतिक्रमण का शिकार बस स्टेण्ड से यात्रा करना यात्रियों के लिए किसी सजा से कम नही है।



#### बीच सडक पर खडी होती है बस

चारो तरफ से अतिक्रमण से घिरे बस स्टेण्ड मे यात्री बसो के एंव बेलगाम आटो के ठहराव हेतु जगह न होने के कारण बीच सडक में बस खडी कर यात्रियों को उतारा एव बैठाया जाता है रही सही कसर नगर की यातायात व्यवस्था के नासूर बने तिपहिया आटो पूरी कर दुघर्टना को खुला आमत्रण दे रहे है।

#### यात्री ठहराव के लिए जर्जर भवन वो भी भारी अतिक्रमण का शिकार

पुराने बस स्टेण्ड में प्रतिदिन राज्य के अन्य कई जिलों से दर्जनों यात्री वाहन के अलावा ग्रामीण परिवहन सेवा की बसो का आवागमन होता है यात्रियों को बस की प्रतीक्षा करने सुरक्षित स्थान तक नही है। यहां बना प्रतीक्षालय भी गंदगी से भरा होने के साथ अतिक्रमण का शिकार है

नगर की पालक संस्था एव प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अभाव यात्रियों को खूब खटकता है। यह बस स्टेंड नगर पालिका एंव पुलिस थाने के बीच में है पर ध्यान दोनो के द्वारा नही दिया जाता है । हा नगर पालिका इसके अंदर बाहर ठेला आदि लगाने वालो से बसूली जरूर रोज करवाती है ।

# मरीजों की सेवा और उनका तुरंत उपचार ही मेरा धर्म -डॉ पीयूष

धनपुरी। इस संसार मे कोई व्यक्ति अगर परेशान है तो सबसे ब?ी समस्या है, बीमारी,जब कोई भी व्यक्ति बीमार होता है उसको एक ही व्यक्ति दिखता है और वह है इस संसार का भगवान जिसे कहते हैं डॉक्टर।धनपुरी और आसपास के क्षेत्र में भी एक ऐसा ही भगवान निवास करता है उसका नाम है डॉ पीयूष, जिनका प्रमुख सिद्धांत यह है कि सर्वप्रथम मरीजों की सेवा करना और उनको तुरंत उपचार देकर ठीक करना।पूरा विश्व सहित हमारा देश भी जब कोरोना से प्रभावित था, लोग अपने बचने की भगवान से प्रार्थना करते थे, उस समय भी कई डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी धरती पर अपनी जान की परवाह न करते हुए लगातार मरीजों की सेवा करते रहे। और उन्हें ठीक करते रहे। ऐसा ही करोना काल में जब कई डॉक्टरों ने अपनी क्लीनिक बंद कर दी तब मरीज कहां जाएं ऐसी स्थिति में सुहागपुर क्षेत्र के बुढार सेंटर हॉस्पिटल में पदस्थ डॉ पीयूष सिंह ने हजारों मरीजों का ट्रीटमेंट किया व उन्हें पूर्ण रूप से स्वास्थ्य किया। ऐसे चिकित्सकों स्वास्थ्य कर्मियों का हमें खुले दिल से प्रशंसा करनी चाहिए और इनके हौसला अफजाई के लिए लगातार कार्य करते रहनी चाहिए। इस पूरे संदर्भ में डॉक्टर पीयूष बड़े ही सरलता से कहते हैं कि जब से मैंने यह पढ़ाई की है और मैं डॉक्टर बना हूं तो मेरा पहला धर्म यह है कि मैं सबसे पहले अपने आप और परिवार की परवाह ना करते हुए जो मरीज मेरे समक्ष आया है,उसका तुरंत उपचार करूँ और कोशिश करूं कि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो।

# संभाग मुख्यालय के तालाबों के संरक्षण पर नहीं जाता ध्यान

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय में स्थित तालाबों के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया जा रहा है जिसके कारण तालाबों का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा हैद्य आलम यह है कि संभाग मुख्यालय में स्थित तालाबों पर निस्तार का पानी एवं कूड़ा कचरा डाला जाता हैद्य जिसके कारण तालाब प्रदूषित भी हो रहे हैद्य इसके अलावा मुख्यालय का चर्चित इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक द्वारा तालाब पर अतिक्रमण का दायरा बढ़ाया ही जा रहा है किंतु विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा हैद्य तालाबों पर अतिक्रमण कोई एक जगह भर नहीं हो रहा है बल्कि कई तालाब अतिक्रमण के शिकार हो चुके हैंद्य लाख प्रयास करने के बाद भी तालाबों के संरक्षण में प्रशासन सफल होता नहीं दिखाई दे रहा है और अतिक्रमणकारियों पर भी किसी प्रकार की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही हैद्य शहडोल मुख्यालय तालाबों के नाम से ही जाना जाता है और जितने तालाब शहडोल में हैं उतने अन्य जिलों में नहीं है ऐसा बताया जाता हैद्य नगर का मोहन राम तालाब भी वर्तमान में प्रदूषित होता जा रहा हैद्य आसपास के रहवासियों द्वारा तालाबों में ही पूजन सामग्री और अन्य सामग्री डाल दी जाती है द्य मुख्यालय में राजनीतिक दल के लोगों के साथ साथ समाजसेवियों सहित स्वयंसेवी संगठन के लोगों की कमी नहीं है और सभी के द्वारा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं लेकिन तालाबों के संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त करने किसी प्रकार का प्रयास वर्तमान समय में नहीं किया जा रहा है।

# रहवासी क्षेत्र में पटाखों का गोदाम

शहडोल। दीपावली के त्यौहार के लिए अब 10 दिन शेष रह गए हैं और पटाखे व्यापारी अब अपने व्यापार को गति देने के लिए सक्रिय हो चुके हैंद्य नगर में पटाखे के फुटकर एवं थोक व्यापारी भी हैं जिनके द्वारा दीपावली त्यौहार के पूर्व से पटाखों की बिक्री की जाती रही हैद्य मिली जानकारी के अनुसार शहर में कई गोदाम ऐसे जगह बनाए गए हैं जहां की चार पहिया वाहन भी नहीं जा सकता है और बीच बस्ती में पटाखे के थोक विक्रेताओं के द्वारा अपना गोदाम बनाया गया हैद्य यदि कोई दुर्घटना हो तो यहां फायर ब्रिगेड या अन्य बड़े वाहन पहुंच ही नहीं सकते क्योंकि गलियां सकरी हैं और बीच बस्ती में गोदाम हैद्य आखिरकार प्रशासन द्वारा ऐसे गोदाम संचालकों को किसी प्रकार का दिशानिर्देश क्यों नहीं दिया जाताद्य क्या जब दुर्घटना घटेगी तब ही प्रशासन जागेगाद्य नगर में कई ऐसे पटाखे के थोक व्यापारी हैं जोकि राजनैतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति है और उनके खिलाफ कोई आम नागरिक मुंह भी नहीं खोल सकताद्य लेकिन प्रशासन को तो कम से कम इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।



# भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा मासिक महाआरती का आयोजन

**कुंडम।** आज तहसील शाखा कुंडम भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा मासिक महाआरती कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें समस्त मां भक्तों ने मिलकर के आरती का लाभ प्राप्त किया एवं तहसील प्रभारी सम्माननीय भाई बिहारी लाल साहू जी ने बताया दशहरा के पावन पर्व को और अच्छी तरह से मनाते हुए रात्रि में विसर्जन ना करके दिन में विसर्जन माता रानी का किया जाए ताकि किसी प्रकार की ग्राम में अप्रिय घटना ना घटित हो और मां का भरपूर आशीर्वाद ग्राम वासियों को मां के भक्तों को प्राप्त हो सके जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन तहसील अध्यक्ष सूर्यभान सेन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी अध्यक्ष उमेश झारिया जी उपाध्यक्ष सोन सिंह परस्ते जी राजेश झारिया जी दीपक बैगा जी पारस मार्को जी शालिनी सेन जी एकता सेन जी एवं समस्त कार्यकर्ता गुरु भाई गुरु बहन उपस्थित रहे.

# आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर, पुलिस स्मृति दिवस के दिन, ऐतिहासिक 260 यूनिट रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन

**अनूपपुर।** जिले की लोकप्रिय कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना व पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल की प्रेरणा, सहयोग व अनुमति से अनूपपुर जिले के जिला चिकित्सालय परिसर में 21 अक्टूबर दिन गुरुवार को ÷पुलिस स्मृति दिवस÷ पर आजादी के अमृत उत्सव के तारतम्य में वृहद एतिहासिक रक्तदान शिविर का आयोजन ÷मां नर्मदा स्वास्थ्य सेवा व लोक सेवा समिति÷ के आग्रह पर, संपूर्ण जिला प्रशासन, पुलिस बल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला रेडक्रॉस सोसायटी आदि के सहयोग, सहभागिता व आम जन के सहयोग से, आयोजित किया गया.

शिविर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायमूर्ति रत्नेश कुमार सिंह बिसेन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व व्यवहार न्यायाधीश भू भास्कर यादव, पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस सी राय की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया.

शिविर में जिले के पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य, ÷मां नर्मदा स्वास्थ्य सेवा व लोक सेवा समिति, अनूपपुर जिला व निःस्वार्थ सेवा ग्रुप, लोहसरा - बिजुरी÷ के सदस्यों; आदि के द्वारा 260 यूनिट रक्तदान किया गया.पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्देश्य रक्त की कमी के कारण मरीजों को कोई समस्या का सामना ना करना पड़े, व कुपोषण, सिकल सेल, एनीमिया, थैलसिमिया आदि रोगों से ग्रसित मरीजों को सुविधाजनक रूप से रक्त उपलब्ध हो, को दृष्टिगत रख किया गया.

शिविर में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने पहुंचकर रक्तदान करने वाले लोगों का उत्साह वर्धन किया. उनके द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना की. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एससी राय के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय अनूपपुर में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी. उन्होंने बताया कि सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र विभागीय रूप से दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रोत्साहित हों. उन्होंने कहा रक्तदान महादान है, रक्तदान करने से किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है, उन्होंने मानव कल्याण के लिए आगे भी इसी तरह अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की. शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. आरपी श्रीवास्तव, डॉक्टर एस आर पी द्विवेदी, डॉक्टर आर पी सोनी, खंड चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीण शर्मा, एन आर एच एम के जिला प्रबंधक सुनील नेमा, डॉ शिवेंद्र द्विवेदी, एसडीओपी कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ सहित पुलिस स्टाफ की भूमिका उल्लेखनीय रही.यह शिविर अनूपपुर जिला ही नहीं संभवतः शहडोल संभाग में अब तक का सबसे विशाल रक्तदान शिविर हुआ है.पुलिस बल ने जहां कोरोना अवधि में सेवा कार्य कर फरिश्तों की भूमिका अदा की थी, वहीं अब अपने शरीर के अंश रक्त का इतनी बड़ी संख्या में समर्पण कर, समाज को देश भक्ति - जन सेवा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर, संदेश दिया कि पुलिस भी एक आम इंसान की तरह हर भारतीय के साथ रहती है.

# खाद बीज की दुकानों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सिहोरा।** क्षेत्र में उर्वरकों की आपूर्ति और निगरानी को लेकर शनिवार को एसडीएम आशीष पांडे, एसडीओ एग्रीकल्चर मनीषा पटेल, तहसीलदार राकेश चौरसिया, वरिष्ठ कृषि अधिकारी जीएस राठौर की प्रथक प्रथक टीमों ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित खाद बीज की कई दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद विक्रेताओं को पीओएस मशीन से ही खाद बिक्री करने के निर्देश दिए। उप संचालक कृषि जबलपुर के मार्गदर्शन में एसडीएम सिहोरा एवं एसडीओ एग्रीकल्चर ने शनिवार सुबह सर्वप्रथम चोरा विकासखंड के ग्राम गोसलपुर स्थित शिव बीज भंडार अग्रवाल कृषि केंद्र साहू ब्रदर्स विवेक बीज भंडार सहित अन्य खाद बीज दुकानों का औचक निरीक्षण कर गुण नियंत्रण के अंतर्गत उर्वरक का भौतिक परीक्षण विक्रय दर प्रदर्शन सूची पीओएस मशीन से निर्धारित दर पर खाद विक्रय आदि की जांच की वही तहसीलदार सिहोरा एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारी की टीम द्वारा सिहोरा में संचालित आयुष बीज भंडार ,आशा बीज भंडार ,नवीन बीज भंडार, अभिषेक ब्रदर्स आदि प्रतिष्ठान पर पहुंचे और दुकान मालिक से खाद की उपलब्धता की विस्तार से जानकारी ली। दुकानों पर खाद के स्टाक रजिस्टरों की जांच करने के पश्चात कहा कि खाद की बिक्री सहित पूरा विवरण स्टाक रजिस्टर में दर्ज किया जाए, जिससे यह पता चल सके कि कितने बैग खाद का वितरण हुआ है। खाद विक्रय पीओएस मशीन से निर्धारित दर पर ही विक्रय किए जाने के निर्देश दिए ।

# श्री श्याम दीवानी निक्की दीदी का अमलाई आगमन पर भव्य स्वागत

अमलाईद्य श्री श्याम दिवानी निक्की दीदी का आगमन अमलाई में हुआ द्यसभी श्याम प्रेमी दीदी के नगर आगमन पर बाबा के निशान के स्वागत के अमलाई बापू चौक में तुलसी फिलिंग स्टेशन के प्रांगण में शामिल हुए।

श्याम प्रेमियों के साथ निक्की दीदी का स्वागत और नगर प्रवेश में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किएद्य इस अवसर पर सभी लोगों का जलपान एवं फल से स्वागत किया गयाद्य स्मरणीय हो कि निक्की दीदी द्वारा पदयात्रा का शुभारंभ गुजरात से किया गया है और पदयात्रा का समापन खाटू श्याम मंदिर राजस्थान में किया जाएगाद्य एवं शाम 8ः00 से श्री श्याम मंदिर में पेंड्रा के कलाकारों द्वारा भजन संध्या भी रखा गया द्य सभी लोग आकर इस भजन संध्या का अमृत प्राप्त किया एवं शाम का भोजन प्रसाद भी प्राप्त किएद्य अमलाई में स्वागत करने वालों में नरेंद्र बगड़िया, आनंद केडिया, पंकज जाजू, रोशन तोदी, अभिषेक गुप्ता सहित श्याम परिवार के लोग उपस्थित रहे।




# क्या हमें रोहित को टीम से हटाना था



## प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर पर क्यों भड़के विराट?

टी-20 वर्ल्डकप 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि भारतीय टीम ने 20 से 25 रन कम बनाए थे। इसी वजह से पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर ज्यादा दबाव नहीं था और उन्होंने आसानी से लक्ष्य की पीछा कर लिया। उन्होंने कहा शाहीन अफरीदी ने हमारे बल्लेबाजों को दबाव में रखा। उनके स्पेल की वजह से ही हमारी बल्लेबाजी बिखर गई। जब एक रिपोर्टर ने विराट से टीम कॉम्बिनेशन को लेकर सवाल पूछा, तो विराट भड़क गए। उन्होंने कहा- आपको क्या लगता है। मुझे लगता है कि मैंने जिस टीम की तरफ से खेला वो सर्वश्रेष्ठ थी। आप किसी को हटाएंगे, क्या आप रोहित शर्मा को हटाएंगे। अगर आप को कोई कॉन्ट्रोवर्सी चाहिए, तो मुझे अभी बता दीजिए।



### पाकिस्तान ने हमसे बेहतर क्रिकेट खेला

हम वो टीम हैं जो खेल का सम्मान करती है और हम वो नहीं हैं जो एक गेम से ही आगे की दिशा निर्धारित नहीं देखते। हम हर टीम को एक जैसा समझते हैं। हम अब सकारात्मक नजरिए से आगे बढ़ेंगे। पाकिस्तान ने आज हमसे बेहतर खेला है। आप 10 विकेट से ऐसे ही नहीं जीते। उनको श्रेय देना जरूरी है। हमने उन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन वे हमसे काफी बेहतर खेले। इसकी भी कोई गारंटी नहीं कि हम हर मैच खेलेंगे और जीतेंगे। हमने अपनी स्थिति के हिसाब से ठीक स्कोर बनाया। उन्हें इस मैच को मजबूती से खत्म करने का श्रेय दिया जाना चाहिए।

### ओस की वजह से साधारण हुई गेंदबाजी

जैसे ही पाकिस्तान की बल्लेबाजी के दौरान ओस गिरना शुरू हुई, इससे उन्हें काफी फायदा हुआ। कई छोटे-छोटे फैक्टर्स ने बड़ा अंतर पैदा किया। हमारे पास 20-25 रन ज्यादा होते तो हमें फायदा होता। लेकिन पाकिस्तान की गेंदबाजी ने हमें वो पाने का मौका नहीं दिया। अगर हम प्रक्रिया से जुड़े रहेंगे, तो आगे किसी भी स्थिति से निपट सकते हैं। टॉस भी अहम भूमिका रखता है। टी-20 वर्ल्ड कप हमेशा से ज्यादा इंटेसिटी वाला टूर्नामेंट रहा है। एक टीम के तहत हमारे साथ जो होगा अच्छा होगा। पाकिस्तान ने हमें हर क्षेत्र में पीछे किया।



# फिल्मों में कुछ ज्यादा पहचान न मिलने से टीवी पर वापसी



### कृतिका कामरा

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस कृतिका कामरा ने अपने करियर की शुरूआत टीवी शो कितनी मोहब्बत हैं से की थी। इस शो ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई थी। खासतौर पर युवाओं के बीच ये शो काफी मशहूर रहा। इस शो में उनके साथ खास भूमिका में अभिनेता करण कुंद्रा थे। शो की सफलता के बाद कृतिका को कई बड़े शोज में काम करने का भी मौका मिला। टीवी के बाद वो बॉलीवुड फिल्म मित्रों में भी नजर आईं थीं। लेकिन फिल्मों में कुछ ज्यादा पहचान न मिलने के बाद उन्होंने फिर से टीवी पर वापसी की है। इंडस्ट्री में कृतिका अपनी अदाकारी, टीवी शो के साथ अफेयर्स के चलते भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनका किसी एक कलाकार के साथ नहीं बल्कि कई अभिनेताओं के साथ नाम जुड़ चुका है।

शो कितनी मोहब्बत है में कृतिका कामरा और करण कुंद्रा एक दूसरे के करीब आए थे। शुरूआत में दोनों दोस्त थे। लेकिन बाद में दोनों का रिश्ता प्यार में बदल गया। लेकिन कुछ सालों बाद दोनों के ब्रेकअप ने सबको हैरान कर दिया। दरअसल, एक शो के दौरान करण ने कृतिका को राजीव खंडेलवाल के साथ किस करते देखा तो वह बौखला गए थे। इसके बाद दोनों में विवाद शुरू हुआ। कृतिका ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हम दोनों एक वक्त के बाद अपने अपने काम में इतने खो गए कि इस रिश्ते को संभाल नहीं पाए। वैसे भी हमने कभी शादी, बच्चे या भविष्य की कोई प्लानिंग नहीं की और ना ही उसपर बात की थी। अचानक ही हमारे बीच सब खत्म हो गया।

उदय सिंह गौरी

करण से ब्रेकअप के बाद कृतिका नाम बॉलीवुड स्टार्स के इवेंट मैनेज करने वाले उदय सिंह गौरी के साथ जुड़ा। दोनों की दोस्ती कि शुरूआत तब हुई जब उदय ने कृतिका के काम को मैनेज करना शुरू किया। कुछ समय एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

सिद्धार्थ बिजपुरिया


कृतिका कामरा के रिश्ते सिद्धार्थ बिजपुरिया से भी रहे हैं। दोनों एक दूसरे के साथ लिव इन रिलेशनशिप में भी रहे। दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए हुए थे। यहां तक की सिद्धार्थ कृतिका से शादी करना चाहते थे। लेकिन कृतिका ने अपने करियर को चुना और डेढ़ साल बाद दोनों ने अपना रिश्ता खत्म कर लिया।

जैकी भगनानी

साल 2018 में फिल्म मित्रों में कृतिका कामरा के साथ एक्टर जैकी भगनानी भी खास भूमिका में थे। इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने के साथ ही कृतिका और जैकी की लव स्टोरी सुर्खियों में छा गई थी। दोनों एक दूसरे के साथ स्पॉट किए जाने लगे। लेकिन कृतिका का ये रिश्ता भी ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका और दोनों अलग हो गए।

कृतिका का करियर

कृतिका ने अपने करियर कि शुरूआत कितनी मोहब्बत है से की, इसके बाद वह प्यार का बंधन, कुछ तो लोग कहेंगे, रिपोर्टर्स, प्रेम या पहेली चंद्रकांता में नजर आईं। उन्होंने कई रियलिटी शोज जैसे झलक दिखला जा 7, जरा नच के दिखा, वी द सीरियल और एमटीवी वेब्ड में भी हिस्सा लिया। साल 2018 में जैकी भगनानी के साथ कृतिका ने मित्रों फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था।



नई दिल्ली। सोमवार को 67वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड आयोजन शुरू हो चुका है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। इस नेशनल अवॉर्ड की घोषणा इस साल मार्च में की गई थी। हिंदी सिनेमा कैटेगरी में इस बार साल 2019 में रिलीज हुई दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म छिछोरे को बेस्ट हिंदी फिल्म के पुरस्कार से नवाजा जाएगा। फिल्म में मानसिक स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय पर बात की गई है। साथ ही अभिनेत्री कंगना रोनट को फिल्म मणिकर्णिका और पंगा के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।वही साउथ के सुपर स्टार रजनीकांत को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म केसरी के सुपरहिट सॉन्ग तेरी मिट्टी के लिए बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर के अवॉर्ड से गायक बी प्राक को सम्मानित किया जाएगा। बात दें कि मनोज बाजपेई और साउथ के सुपरस्टार धनुष को संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### देखें लिस्ट

बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर- विजय सेतुपति (सुपर डीलक्स- तमिल)बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस- पल्लवी जोशी (द ताशकंद फाइल्स- हिंदी)बेस्ट

# रजनीकांत को दादा साहेब फाल्के और कंगना को मिलेगा नेशनल अवॉर्ड



चाइल्ड आर्टिस्ट- नागा विशाल, करुप्पु दुराई (तमिल)बेल्ट चिल्ड्रेन फ़िल्म- कस्तूरी (हिंदी), निर्माता- इनसाइट फ़िल्म्स, निर्देशक- विनोद उत्तरेश्वर काम्बलेबेस्ट फ़िल्म ऑन एनवायरनमेंट कंजरवेशन- वॉटर बरियल (मोनपा), निर्माता- फारूख़ इफ़्तिखार लस्कर, निर्देशक शांतनु सेनबेस्ट फ़िल्म ऑन सोशल इशू- आनंदी गोपाल (मराठी), निर्माता- एस्सेल विज़न प्रोडक्शंस, निर्देशक- समीर विधवंसनर्गिस दत्त अवॉर्ड फॉर फिल्म ऑन नेशनल इंटीग्रेशन- ताजमल (मराठी), निर्माता- टियूलाइन स्टूडियोज़, निर्देशक- नियाज़ मुजावरबेस्ट फ़िल्म प्रोवाइडिंग होलसम एंटरटेनमेंट- महर्षि (तेलुगु), निर्माता- श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस, निर्देशक- पेडिपल्ली वंशीधर रावबेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर- बी प्राक, गाना- तेरी मिट्टी (केसरी- हिंदी)बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर- सावनी रवींद्र, गाना- रान पीटला, (मराठी फ़िल्म- बार्दो)बेस्ट लिरिक्स- प्रभा वर्मा, अरादुम परायुक्का वाय्या- कोलम्बी (मलयालम)बेस्ट म्यूज़िक डायरेक्शन (सॉन्स)- डी. इमान, विश्वासम (तमिल)बेस्ट म्यूज़िक डायरेक्शन (बैकग्राउंड स्कोर)- प्रबुद्ध बनर्जी, ज्येष्ठपुत्रो (बंगाली) बेस्ट स्क्रीनप्ले (ओरिजिनल)- कौशिक गांगुली, ज्येष्ठपुत्रो (बंगाली)बेस्ट स्क्रीनप्ले (अडेप्टेड)- श्रीजीत मुखर्जी, गुमनामी (बंगाली)बेस्ट स्क्रीनप्ले (डायलॉग राइटर)- विवेक अग्निहोत्री, द ताशकंद फाइल्स (हिंदी)बेस्ट सिनेमैटोग्राफी- गिरीश गंगाधरन, जलीकट्टू (मलयालम) बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट- रंजीत, हेलन (मलयालम)बेस्ट कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर- सुजीत सुधाकरन और वी साई, मरक्कड़ अरबीकड़ालिंते सिम्हम (मलयालम)बेस्ट प्रोडक्शन डिज़ाइन- सुनील निगवेकर और नीलेश वाघ, आनंदी गोपाल (मराठी)बेस्ट बंगाली फ़िल्म- गुमनामी, निर्देशक- श्रीजीत मुखर्जीबेस्ट असमी फ़िल्म- रोनुआ- हू नेवर सरेंडर्स, निर्देशक- चंद्र मुडोईबेस्ट एक्शन डायरेक्शन (स्टंट)- विक्रम मोर, अवने श्रीमन्नारायण (कन्नड़)बेस्ट कोरियोग्राफी- राजू सुंदरम, महर्षि (तेलुगु)बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स- सिद्धार्थ प्रियदर्शन, मरक्कड़ अरबिक्काडालिंते सिंघम (मलयालम)बेस्ट एडिटिंग- नवीन नूली, जर्सी (तेलुगु)बेस्ट ऑडियोग्राफी (लोकेशन साउंड रिकॉर्डिंग)- देबजीत गयन, स्द्भ2स्त्रह्वद्ध (खासी)बेस्ट आडियोग्राफी (साउंड डिज़ाइनर)- मंदार कमलापुरकर, त्रिज्या (मराठी) बेस्ट ऑडियोग्राफी (री-रिकॉर्डिस्ट ऑफ़ द फाइनल मिक्स्ड ट्रैक)- रेसुल पुकुट्टी, उत्ता सेरुप्पु साइज़-7 (तमिल) स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड- राधाकृष्ण पार्थिबन उत्ता सेरुप्पु साइज़-7 (तमिल)बेस्ट फ़िल्म क्रिटिक- सोहिनी चट्टोपाध्याय इंदिरा गांधी अवॉर्ड फॉर बेस्ट डेब्यू फ़िल्म ऑफ़ अ डायरेक्टर- हेलेन (मलयालम), निर्देशक- मुथुकुट्टी ज़ेवियर बेस्ट नैरेशन (नॉन फीचर फ़िल्म)- वाइल्ड कर्नाटक (अंग्रेज़ी)- सर डेविड एटनबरो बेस्ट म्यूज़िक डायरेक्शन (नॉन फीचर फ़िल्म)- क्रांति दर्शी गुरुजी, अहेड ऑफ़ टाइम्स (हिंदी)- बिशाखज्योति बेस्ट बुक ऑन सिनेमा- अ गांधियन अफेयर-इंडियाज़ क्यूरियस पोर्ट्रेयल ऑफ़ लव इन सिनेमा, लेखक- संजय सूरी मोस्ट फ़िल्म फ्रेंडली स्टेट- सिक्किम

पोषण वाटिका योजना में लापरवाही

# 2 साल बीते किसी भी जिले में नहीं बंटे पौधे

## डिंडोरी जिले अकेले ने अप्रैल 2019 में 20 परिवारों को दिए थे पौधे

**जबलपुर, यश भारत।** कुपोषण से बच्चों को मुक्त करने के लिए शुरू की गई महिला एवं बाल विकास विभाग की पोषण वाटिका योजना लापरवाही की भेंट चढ़ गई। साल 2019 अप्रैल के बाद से आज तक इस योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-पर्यवेक्षक और जिले के अधिकारियों ने काम नहीं किया है। अप्रैल 2019 में सिर्फ डिंडौरी जिले योजना के तहत 20 परिवारों को पौधे बांटे थे, जिसमें 5 ही जीवित पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में 97 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र हैं जिसमें जबलपुर संभाग अकेले में इनकी संख्या 17 हजार 350 है। जबलपुर में 2483 पंजीकृत हैं। हजारों तदाद में आंगनबाड़ी होने के बावजूद सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं।



**पोषण वाटिका योजना से आंगनबाड़ी केंद्रों में ताजी और हरी सब्जियां उगाई जाने का प्रावधान है**

### क्या है पोषण वाटिका योजना

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी में दजर्ज कुपोषित बच्चे और माताओं को उचित आहार मिले इसके लिए पोषण वाटिका योजना शुरू की गई। इसका मुख्य उद्देश्य माताओं व शिशुओं को हरी सब्जियां समय पर उपलब्ध हों जिससे वह बाहर मिलने वाली सब्जियों का इस्तेमाल न कर सकें।

### कुपोषण को समाप्त करने कई तरह के प्रयास

कुपोषण को समाप्त करने के लिए सरकार कई प्रयास कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, तो मां की कोख में पल रहे बच्चों को भी कुपोषण मुक्त रखने के जतन किए जा रहे हैं। इसके लिए गभज्र्वती माता को भी पौष्टि आहार दिया जा रहा है। अतिकुपोषित बच्चों को भी विशेष निगरानी में रखा जा रहा है।

### संभाग में 2019 में जीवित पौधों की संख्या :

- मुनगा- 1 लाख 47 हजार 997 पौधे लगाए गए, जीवित बचे 93 हजार 452
- नींबू- 43 हजार 512 जिसमें जीवित बचे 36 हजार336
- आंवला- 36 हजार965 जीवित शेष बचे28 हजार 84

**प्रदेश में भर में 97 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र, जबलपुर संभाग में इनकी संख्या 17 हजार 350**

- महुआ- 22 हजार 669 पौधे लगे जिसमें 19 हजार 94 जीवित बचे
- कटहल- 21 हजार 806 पौधे लगाए गए जिसमें 17 हजार पौधे जीवित है।
- यही हाल कैथा, करोंदा, अमरूद, आम और अन्य पौधों का है।

### इनका कहना है

पोषण वाटिका योजना के तहत परिवारों को पौधे वितरित किए जाते हैं, अभी तक पौधों का वितरण क्यों नहीं हुआ है, इसका पता लगाया जाएगा।

**एमएल मेहरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बालविकास विभाग**



देशभर में जबलपुर का वीयू एक्सपर्ट प्रोजेक्ट चलेगा

# यूरिन -स्केट से बाघिन के गर्भवती होने का पता चलेगा

**जबलपुर, यश भारत।** नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवसिज़्टी (वीयू)के एक्सपर्ट का प्रोजेक्ट पूरे देश में लागू होगा। दरअसल वीयू एक्सपर्ट ने एक प्रोजेक्ट तैयार किया है जिसके तहत बाघिन के यूरिन (पेशाब) और स्केट (मल) से गभज़्वती होने का पता आसानी से चल जाएगा। यूनिवसिज़्टी ने दो साल पहले अपना यह प्रोजेक्ट भारत सरकार को भेजा था जिसमें हरी झण्डी मिलते ही वीयू के एक्सपट ने इसमें काम शुरू कर दिया। वीयू एक्सपर्ट का यह प्रोजेक्ट सफ्ल होगा तो सरकार इस समस्त राज्यों में लागू करेगी। फ्लिहाल यह प्रोजेक्ट अगले माह से भोपाल-रीवा में शुरू होने जा रहा है।

### बाघिन के घूमते हुए गर्भवती होने का पता लगाया जा सकेगा

प्रोजेक्ट के प्रिंसिपल डॉ. आदित्य मिश्रा ने बताया यह प्रोजेक्ट 2021 से 2023 के लिए मिला है। प्रोजेक्ट के तहत मादाबाघ के गभज़्वती होने का पता तब चल सकेगा जब वह घूमती रहेगी। इसके लिए यूरिन व स्केट की सैम्पलिंग की जाएगी। समय पर मादा बाघ के गर्भवती होने का पता चल जाएगा तो उसके पोषण आहार के साथ आपसी संघषज़् से भी बचाने पर काम किया जा सकता है। मादा बाघ प्रसव काल 100 से105 दिन के बीच का होता है। ऐसे में यदि 25 वें दिन से गर्भवती होने की जानकारी मिल जाए, तो शेष 75-80 दिन क्योर कर पोषक तत्वों पर क म किया जा सकता है। यदि बाघिन को इस गर्भकाल में पोषण युक्त आहार मिले तो शावक की मृत्यु दर को क म किया जा सकता है।

### 15 लाख का प्रोजेक्ट, तैयारियां चल रही है

वीयू कुलपति डॉ. एसपी तिवारी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट 15 लाख का है, राशि कहां और कैसे खर्च होगी इसकी रूपरेखा तैयार हो रही है। संभवत: देश में ऐसा प्रोजेक्ट पहली बार आया है और भारत सरकार ने भी प्रोजेक्ट के सफ्ल क्रियान्वन में लागू करने की बात कही है।

# ब्रांडेड कंपनी के नाम से बेंचा जा रहा था नकली नमक

## दो दुकान संचालकों पर मामला दर्ज, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में ब्रांडेड कंपनी के नाम से नमक की पैकिंग का मामला सामने आया है। ब्रांडेड नमक कंपनी की शिकायत पर पाटन पुलिस ने दो दुकानों से 135 पैकेट नमक जब्त किए हैं। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस ये पता लगाने में जुटी है कि नमक उन्हें कौन सप्लाई कर रहा था? एसडीओपी देवी सिंह ने बताया कि पुलिस को टाटा कंपनी से सूचना मिली थी कि नकली नकम बेंचा जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर कटंगी तिराहा पाटन में विकास ट्रेडर्स किराना दुकान में दबिश दी। यहां टाटा नमक के पैकेट जैसे दिखने वाले 45 पैकेट नमक मिले। टीम ने बाजू के वर्धमान किराना स्टोर में दबिश दी, तो यहां से दो बोरी में 90 पैकेट नमक मिले। सभी में नकली बार कोड बना था, जो स्कैन करने पर स्कैन नहीं हुआ। पैकेट के पीछे तरफ बीच में बैच कोड नहीं डला है। जबकि असली टाटा नमक के पैकेट पर बैचकोड डला होता है।





### दोनों दुकान संचालकों पर प्रकरण दर्ज

दोनों दुकानों से उक्त नकली नमक जब्त करते हुए विकास ट्रेडर्स किराना दुकान के संचालक विवेक अग्रवाल और वर्धमान किराना स्टोर दुकान के संचालक प्रशांत कुमार जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। पुलिस ये पता लगाने में जुटी है कि इस तरह की पैकिंग कहां की जा रही थी।

# मेडिकल के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से कोविड मरीज के मोबाइल नगदी चोरी

जबलपुर, यशभारत। कोरोना की दूसरी लहर में जब सब ओर अफरा तफरी थी, तब इस भयावह स्थिति में कुछ लोग सु-अवसर की तलाश कर रहे थे। कोरोना मरीजों की मौत के बाद उनके कीमती सामान चोरी होने के एक ऐसे ही प्रकरण में गढ़ा पुलिस ने एफ आईआर दर्ज की है। गढ़ा टीआई राकेश तिवारी ने बताया कि गणेश नगर कछपुरा निवासी विजय पटेल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गणेश ने अपने जीजा दुर्गेश पटेल को कोविड संक्रमित होने पर अप्रैल में मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया था। 19 अप्रैल को उनकी मौत हो गई। दुर्गेश पटेल के पास एक मोबाइल, 04 हजार रुपए नकद थे, जो नहीं मिले।अस्पताल स्टाफ से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। कोविड मरीज की मौत के बाद इस तरह कई लोगों की कीमती सामग्री गायब हुई है। गढ़ा पुलिस ने मामले में चोरी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने 19 अप्रैल को कोविड में ड्यूटी करने वाले स्टाफ की सूची मांगी है। वहीं मौत के बाद शव को शिफ्ट करने वालों की भी जानकारी मांगी है।




**6 महिने बाद एफआईआर दर्ज**

# मोबाइल लेकर ट्रेन से लगा दी छलांग

**जबलपुर यश भारत।** रीवा जबलपुर शटल ट्रेन में एक बदमाश ने रेलयात्री को चकमा देते हुए उससे बोला कि मेरे ससुर की बहुत तबीयत खराब है मेरे पास मोबाइल नहीं है मैं नंबर देता हूं आप ससुर से बात करा दीजिए रेलयात्री बदमाश के झांसे में आ गया और ससुर से बात करने के लिए उसे अपना मोबाइल दे दिया इसी दौरान ट्रेन स्लीमनाबाद स्टेशन से जबलपुर की ओर रवाना हुई तो उक्त बदमाश ने चलती ट्रेन में छलांग लगाकर मोबाइल लेकर भाग गया घटना के बाद पीड़ित जबलपुर पहुंचा और उसने जीआरपी थाने पहुंचकर अपने साथ हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई जिसे बाद में जीआरपी ने स्लीमनाबाद स्टेशन में ही घेराबंदी कर दबोच लिया और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी सुनील नेमा के निर्देशन पर प्रधान आरक्षक सुशील सिंह गुप्त विभाग के प्रधान आरक्षक हर स्वरुप शर्मा के के तिवारी एवं मनोज मिश्रा द्वारा की गई।इस घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार रीवा निवासी 23 वर्षीय रोहित कुमार कुशवाहा पिता सौकी लाल कुशवाहा विगत 8 अक्टूबर को सटल से रीवा से जबलपुर की यात्रा कर रहा था ट्रेन शाम को स्लीमनाबाद स्टेशन पहुंची तो एक अज्ञात शातिर बदमाश ट्रेन में चढ़ा और रोहित से बोला कि मेरे ससुर की तबीयत खराब है ।

**ठण्ड आते ही चोरों का आतंक**




# मंदिर की दानपेटी, किसान का रोटावेटर और चालक का उड़ा लिया ऑटो

**जबलपुर, यशभारत।** संडे को शहर में चोरों का आतंक रहा। जिसके चलते मंदिर की दानपेटी, किसान के खेत से रोटावेटर और घर के पास खड़ा ऑटो चोरों ने पार कर, रफूचक्कर हो गए। जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, अब शातिर चोरों को तलाश करने में जुटी है।

जानकारी अनुसार अधारताल में शिव शक्ति दुर्गा मंदिर निर्भय नगर रामकुंड में स्थिति है। जिसके मुख्य सेवादार मदन कुशवाहा ने पुलिस को सूचना दी कि दरमियानी रात चोरों ने मंदिर के चैनल गेट में लगा ताला तोड़कर प्रांगण में रखी दान पेटी से नगदी पार कर दी। वह जब अल सुबह साफ-सफाई करने पहुंचा तो देखा कि टूटा हुआ ताला एक ओर पड़ा था और दानपेटी खुली पड़ी थी, जिससे नगदी गायब थी। शातिर चोर दानपेटी में चिल्लर छोड़कर चलते बने। चोरी की घटना की खबर यहां आग की तरह फैली और देखते ही देखते मंदिर में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुआयना कर, मामला जांच में लिया है। गनीमत यह रही कि चोर मंदिर का पार्टीशन नहीं तोड़ सके। अन्यथा बड़ी चोरी की वारदात हो सकती थी। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

**मंदिर में चारी की घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश**

### करीब 45 हजार थे दानपेटी में

जानकारी अनुसार मंदिर की दानपेटी विगत दो वर्ष से नहीं खोली गई। मंदिर के प्रति लोगों में प्रगाढ़ आस्था है। जिसके चलते यहां जिसकी मनौती पूरी होती है, वह भगवान को कुछ ना कुछ राशि अवश्य ही भेंट करता था। जो सीधे दानपेटी में डाली जाती थी। मंदिर सार्वजनिक है और यहां सदैव ही भक्तों का तांता लगा रहता है।

### घर के सामने से एग्रीमेंट में लिया ऑटो चोरी

तो वहीं, अधारताल थाने में पटेल नगर सुहागी निवासी हंसराज चौकसे ऑटो एमपी 20 आर 7179 घर के सामने से चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। हंसराज ने उक्त ऑटो मनोज गोस्वामी से ऐग्रीमेंट में लिया था। रोज की तरह वह ऑटो शनिवार 23 अक्टूबर की शाम को 7 बजे घर के सामने खड़ा कर दिया था। तीन बजे तक वह जागता रहा। इसके बाद वह अलसुबह उठा तो ऑटो गायब था।

सरेराह महिला को छेड़ रहा शोहदा

# आते-जाते करता है परेशान, दे रहा जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा में एक महिला से सरेराह छेड़छाड़ करने वाले शोहदे के खिलाफ गढ़ा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। गढ़ा एसआई वीजेन्द्र तिवारी ने बताया कि शारदा चौक की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि आरोपी अखिलेश बहुत दिनों से महिला से छेड़छाड़ कर रहा था और जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, सरगर्मी से आरोपी की तलाश में जुटी है।




ग्यारहवाँ पुण्य स्मरण 25-10-2021
स्व.श्री श्याम गोपाल तिवारी जी
आपका आशीर्वाद एवं आदर्श व्यक्तित्व कर्मशील जीवन व आपके संस्कार हम सभी को सदा सद्कर्म की प्रेरणा देते रहेंगे।
विनम्र अश्रुपूरित श्रध्दांजली
डॉ.अजय तिवारी- डॉ. (श्रीमती) कुक्कु तिवारी, संजय तिवारी- श्रीमती पदमा तिवारी, शताक्ष, आयुष
श्री राधेश्याम पॉली क्लीनिक
1443/1, सरस्वती कॉलोनी, चेरीताल, जबलपुर

# नाम बदलकर दोस्ती, प्यार और दुराचार

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में दोस्ती, प्यार और फिर दुराचार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया। जिसमें आरोपी ने अपना नाम बदल कर युवती को प्यार में झांसे में फंसाया था। जिसके बाद अधारताल पुलिस ने दरमियानी रात आरोपी को महाराजपुर बायपास से उस वक्त दबोच लिया, जब वह भागने की तैयारी में था। अधारताल थाने में अन्य लोगों के सहयोग से थाने पहुंची 20 साल की युवती ने बताया कि उसके परिजन मजदूरी करते हैं। कुछ माह पहले युवती सहेली के घर जन्मदिन मनाने गई थी। वहां आरोपी नसीम अहमद भी पहुंचा था। नसीम ने अपना परिचय अंकित ठाकुर के रूप में दिया। मोबाइल पर उनके बीच छह माह तक बातचीत होती रही।

**अधारताल पुलिस ने आरोपी को महाराजपुर बायपास से दबोचा, भागने की कर रहा था तैयारी**

### पहाड़ी पर ले जाकर किया रेप

10 जून को आरोपी युवती के घर पहुंचा और घूमने के बहाने उसे संजय नगर भड़पुरा पहाड़ी के जंगल में ले गया। वहां शादी का झांसा देकर आरोपी ने युवती के साथ रेप किया। इसके बाद वह लगातार उसका शोषण करता रहा। आरोपी के दोस्तों से युवती को पता चला कि जिसे वह अंकित समझ रही है, वह असल में नसीम अहमद है और पहले से शादीशुदा है। अधारताल थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया कि युवती की शिकायत पर पहचान छिपाने वाले नसीम अहमद के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था, जिसके बाद लगातार छापेमार कार्रवाई की जा रही थी। दरमियानी रात आरोपी भागने की फिराक में खड़ा था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

दो कुख्यात आरोपी गिरफ्तार

# रांझी में की थी बमबाजी और मारपीट अनेक थानों में है अपराध दर्ज

जबलपुर, यशभारत। रांझी पुलिस ने एक महिला के घर में घुसकर मारपीट के बाद सुअरमार बम पटकने वाले दो शातिर बदमाशों को दबोच लिया है। दोनों ने पूर्व में बरगी क्षेत्र में भी इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था। उस मामले में भी वे फ रार चल रहे थे।रांझी टीआई विजय सिंह परस्ते ने बताया कि फ रार चल रहे आरोपियों में सिद्धबाबा घमापुर निवासी लखन पटेल और चांदमारी तलैया घमापुर निवासी मोंटी उर्फ रोहित शुक्ला के शोभापुर ब्रिज के पास मौजूद होने की सूचना मिली थी। इस पर टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों को दबोच लिया। दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
AK's Pure & Tasty Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )